
हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 सितंबर 2024

तापमान

अधिकतम 35.2 डिग्री

न्यूनतम 25.4 डिग्री



70 वार्डों का कचरा डंप करने मात्र 9 ट्रांसफर... 13



ट्रांसफर के 10 दिन बाद भी रिलीव नहीं तहसीलों में... 14

# होम साइंस में भी कठिनाई... दो विद्यार्थियों के लिए रविवि ने रखी परीक्षा, दोनों ही हो गए फेल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि कोरोना काल से छात्रों के प्रदर्शन को लेकर हताश हो गया है। होम साइंस जैसे अपेक्षाकृत आसान माने जाने वाले विषयों में भी दूसरे अवसर में छात्र फेल हो रहे हैं। रविवि द्वारा सोमवार को बीएससी होमसाइंस तीनों वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए।

प्रथम वर्ष की पूरक परीक्षा रविवि ने सिर्फ 2 छात्रों के लिए आयोजित की थी, वे भी फेल हो गए। द्वितीय वर्ष की परीक्षा 7 छात्रों के लिए रखी गई थी। इनमें से 6 उत्तीर्ण रहे, जबकि एक को पुनः पूरक श्रेणी में रखना पड़ा। इसके अलावा तृतीय वर्ष की परीक्षा 9 छात्रों के लिए आयोजित की गई थी। इनमें से 6 ही पास हो सके। शेष 3 फिर से पूरक श्रेणी में आ गए हैं।

जो छात्र परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सके, उनके लिए रविवि द्वारा फिर से पूरक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। रविवि द्वारा मौजूदा सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी गई है। पुराने पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए उसी पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षा लेना अनिवाय है। ऐसे में रविवि को नए और पुराने दोनों ही पैटर्न पर परीक्षाएं लेनी होगी। प्रश्नपत्र सेट करने से लेकर अन्य चीजों में भी इससे लागत दोगुनी हो जाएगी।

## बीएससी तीनों वर्ष की पूरक परीक्षाओं के नतीजे घोषित

### नकल प्रकरणों का निराकरण

रविवि द्वारा मार्च-अप्रैल में आयोजित की गई वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम पहले ही जारी किए जा चुके हैं। उस वक्त जिन छात्रों के खिलाफ नकल प्रकरण बने थे, उनके नतीजे रोके गए थे। अब इन नकल प्रकरणों का निराकरण करते हुए विवि द्वारा नतीजे घोषित किए जा रहे हैं। गंभीर श्रेणी के नकल प्रकरणों पर कार्रवाई की जा रही है, जबकि अन्य प्रकरणों में सुनवाई करते हुए छात्रों की अंकसूची जारी की जा रही है। सोमवार को बीए, बीकॉम, एमए हिंदी, एमएससी होम साइंस सहित कई विषयों के रूके हुए नतीजे घोषित हुए।

- द्वितीय वर्ष में 7 तथा तृतीय वर्ष में 9 ने दिलाई थी पूरक परीक्षा
- कोरोनाकाल में छात्रों का प्रदर्शन रहा निराशाजनक



### सेमेस्टर परीक्षाएं दिसंबर में

रविवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाएं दिसंबर माह में आयोजित की जाएंगी। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के साथ ही स्नातक कक्षाओं की परीक्षाएं भी इस बार सेमेस्टर पद्धति से होने वाली हैं। ऐसे में रविवि द्वारा इसके लिए पहले से ही तैयारी प्रारंभ करने की योजना है, ताकि पूरी व्यवस्था की जा सके। अगले माह अथवा नवंबर से इसके लिए आवेदन शुरू हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बछड़े की मौत



**रायपुर।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार से कुचलकर बछड़े की मौत हो गई। घटना का एक सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें बछड़े के कुचले जाने पर जन्म देने वाली उसकी मां सहित गायों के झुंड द्वारा बछड़े को बचाए जाने दौड़ने का फूटेज है। घटना शहर के एक चर्चित बिल्डर के कार की बताई जा रही है। स्थानीय रहवासियों ने कार चालक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कार सीजी 04 एनवी 5557 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार कार चलाते हुए बछड़े को कुचल दिया। कार से कुचले जाने पर बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सोमवार सुबह साढ़े 11 बजे की है। घटना कचना सेल्स टैक्स कालोनी की है। स्थानीय रहवासियों के मुताबिक उक्त बिल्डर का बेटा इसी तरह से लापरवाही पूर्व कार चलाता है। इसके पूर्व भी लोग कार की चपेट में आने से बाल-बाल बचे हैं। स्थानीय रहवासियों के मुताबिक जहां घटना हुई है, वहीं बिल्डर का मकान है और मोड़ में बिल्डर का बेटा इसी तरह से लापरवाही पूर्वक कार चलाता है। बिल्डर के घर के पास एक कोचिंग सेंटर है। बिल्डर के बेटा द्वारा इसी तरह लापरवाही पूर्वक कार चलाने से गंभीर घटना घटित होने की स्थानीय रहवासियों ने आशंका व्यक्त की है।

### सूने मकान में चोरी तीन आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** खमतराई थाना क्षेत्र में जगन्नाथपुरी तीर्थयात्रा पर गए परिवार के सूने घर में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। शिवनांद नगर निवासी तारकेश्वर प्रसाद के सूने मकान में चोरी करने के आरोप में लवकुश बघेल, राजू साहू तथा अमरदास कुर्रे उर्फ सूरज को गिरफ्तार किया है। घटना 10 से 14 सितंबर की दरमियानी रात की है। राजू तथा अमरदास पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुके हैं। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से छह लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा चोरी की दोपहिया जब्त की है।

### हैदराबाद की नई फ्लाइट में 132 यात्री रवाना हुए

**रायपुर।** हैदराबाद के लिए रायपुर से शुरू हुई नई फ्लाइट में पहले दिन 132 यात्रियों ने सफर किया। वहीं हैदराबाद से रायपुर आने वाले यात्रियों की संख्या 116 रही। दोनों शहरों के बीच यात्रियों की संख्या अधिक होने की वजह से इंडिगो द्वारा नियमित रूप से तीसरी उड़ान के संचालन की शुरुआत की है। रायपुर से अभी सबसे ज्यादा दिल्ली के लिए 6 उड़ान का संचालन किया जाता है। वहीं मुंबई, कोलकाता के साथ हैदराबाद के लिए तीन फ्लाइट नियमित रूप से संचालित होती है। फ्लाइट की संख्या बढ़ने की वजह से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से आवाजाही करने वाले यात्रियों की संख्या में भी इजाफा होने का अनुमान है। बीते सप्ताह रायपुर से 348 बार विभिन्न एयरक्राफ्ट ने आवाजाही की जिसमें 47 हजार से अधिक यात्रियों ने अपना सफर पूरा किया।

### मौके पर आधा दर्जन से ज्यादा सिक्योरिटी गार्ड, फिर भी बदमाश घटना को अंजाम देकर फरार होने में कामयाब

# मरीन ड्राइव में हफ्तेभर में दो मर्डर, सुरक्षा पर उठे सवाल, नशेड़ियों ने बनाया अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के मरीन ड्राइव में युवा, स्टूडेंट्स के बीच अपराधियों की घुसपैठ ने अशांति पैदा कर रखी है। महीने भर में यहां चाकूबाजी के तीन केस हो चुके हैं। हफ्तेभर में यहां दूसरी हत्या ने इलाके में सनसनी फैला दी है। ऐसा कहा जा रहा है मरीन ड्राइव में नशाखोरी का सिलसिला भी जारी है। शहर के प्रमुख रिक्रिएशन जोन में शामिल है। इस वजह से यहां सुबह सैर सपाटा करने वाले लोगों से लेकर देर रात तक घूमने आने वाले लोगों का तांता लगा रहता है। इसके कारण मरीन ड्राइव में आसपास के झुग्गी बस्ती तथा बीएसयूपी कालोनी के कुछ बदमाश सक्रिय रहते हैं। इसके कारण आए दिन छिटपुट घटनाएं होती रहती हैं। मरीन ड्राइव में एक सप्ताह के भीतर हत्या की दो-दो घटनाएं सामने आने के बाद स्थानीय लोग सहमे हुए हैं। सोमवार तड़के मरीन ड्राइव के पास सरगुजा कलेक्टोरेट के ड्राइवर ईश्वर राजवाड़े की हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश अपने घर जाने के बजाय दलदल सिवनी में सुनसान जगह पर जाकर छिप गए थे। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस रोहित बघेल, हरीश बघेल तथा सूरज उर्फ खिड़की के घर दबिश देने पहुंची तो बदमाश अपने घर में नहीं मिले। इसके बाद पुलिस ने मुखबिरों की मदद से बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश भागने की फिराक में छिपे हुए थे और अंधेरा होने का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान मौके पर पहुंचकर पुलिस ने बदमाशों को दबोच लिया।

## आए दिन होती रहती हैं छेड़खानी और मारपीट की घटनाएं

### घटना स्थल के पास छह से सात गार्ड

मरीन ड्राइव में सुरक्षा के लिए लिहाज से छह से सात गार्डों की तैनाती रहती है। घटना के समय मरीन ड्राइव में पांच से छह गार्ड मरीन ड्राइव के आसपास तैनात थे। इनमें से दो गार्ड ने मरीन ड्राइव प्रवेश द्वार के पास घटनाक्रम को अपनी आंखों के सामने होते तथा बदमाशों को भागते देखा है।

### बीएसयूपी कालोनी के लड़के हुए गायब

घटना के बाद मरीन ड्राइव से सटी बीएसयूपी कालोनी में पुलिस की टीम पड़ताल करने पहुंची, तो कालोनी में रहने वाले ज्यादातर लड़के गायब मिले। कालोनी में रहने वाले लड़कों के पुलिस पूछताछ से बचने गायब होने की बात सामने आ रही है।



### मेन रोड पर हुई घटना

जहां घटना घटित हुई है, वह आनंदनगर चौक तथा जलविहार कालोनी जाने का प्रमुख मार्ग है। इस चौक पर तेलीबांधा के साथ सिविल लाइंस थाने की पुलिस पेट्रोलिंग करने के साथ पुलिस जवान गश्त करते रहते हैं। वहां लूट की नीयत से चाकू मारकर हत्या करने की घटना घटित होना पुलिस की गंभीरता पर सवालिया निशान है।

### एक महीने के भीतर तीन चाकूबाजी की घटना

मरीन ड्राइव के पास एक महीने के भीतर चाकूबाजी की यह तीसरी वारदात है, जिनमें दो चाकूबाजी की घटना में एक युवती तथा एक ड्राइवर की मौत हुई है। इनमें से दो चाकूबाजी की घटना लूट की नीयत से की गई है। एक माह पूर्व 19 अगस्त को पास केनाल रोड में तीन बदमाशों ने धरम नाथ की जांघ पर चाकू से हमला कर मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद पिछले सप्ताह दिन दहाड़े युवती की चाकू से गला रेतकर हत्या करने की घटना घटित हुई थी।

### आए दिन होती रहती हैं छिटपुट घटनाएं

स्थानीय लोगों के मुताबिक मरीन ड्राइव के पास आए दिन प्रेम प्रसंग से लेकर अन्य बातों को लेकर छिटपुट घटनाएं घटित होती रहती हैं। इसके चलते मरीन ड्राइव के पास किसी तरह की विवाद तथा मारपीट की घटना घटित होने पर लोग हल्के में लेते हैं और घटना की जानकारी पुलिस को देना भी उचित नहीं समझते।

### घटना के बाद पहुंचे सुरक्षा गार्ड

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार चाकूबाजी की घटना के बाद गार्ड मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार कराने ले जाने की व्यवस्था की। इसके साथ ही एक गार्ड ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस के दावों के मुताबिक घटना की जानकारी मिलने के तत्काल बाद मौके पर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम पहुंची। मौके पर उपस्थित एक गार्ड के मुताबिक सूचना देने के काफी देर बाद पुलिस तथा 108 की टीम मौके पर पहुंची।

## आगे बढ़ाई गई एमबीबीएस बीडीएस के दूसरे राउंड की काउंसिलिंग तारीख

- पहले अभा. कोटे से प्रवेश लेने वालों का आवंटन करेंगे निरस्त
- सीट अलॉटमेंट के बाद स्क्रूटनी और एडमिशन 28 सितंबर से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एमबीबीएस-बीडीएस प्रवेश के लिए दूसरे राउंड की काउंसिलिंग की तारीख दो दिन आगे बढ़ा दी गई है। पहले ऑल इंडिया कोटे के दूसरे दौर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का राज्य कोटे से आवंटन निरस्त किया जाएगा। अब सीट अलॉटमेंट के बाद स्क्रूटनी और एडमिशन 28 सितंबर से प्रारंभ होगा।

मेडिकल और डेंटल कालेज की यूजी सीट में प्रवेश के लिए दूसरे राउंड में च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया 21 सितंबर को पूरी की जा चुकी है। पूर्व में 25 सितंबर को सीटों का आवंट्न कर 26 से 1 अक्टूबर तक एडमिशन का काम पूरा किया जाना था। इसी बीच सोमवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा काउंसिलिंग प्रक्रिया को संशोधन करने का आदेश जारी किया है। बिलासपुर में लगी दो याचिका के परिपालन तथा अखिल भारतीय कोटे से दूसरे राउंड में एडमिशन लेने वालों का आवंट्न निरस्त करने के बाद प्रवेश के अन्य प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसकी वजह से 27 को सीट अलॉटमेंट किया जाएगा फिर 28 सितंबर से 3 अक्टूबर तक संस्थानों में दस्तावेजों की जांच और एडमिशन का काम पूरा किया जाएगा। दूसरे राउंड में एमबीबीएस और बीडीएस की मिलाकर सात सौ से अधिक सीटों में एडमिशन दिया जाएगा। इस दौर में अगर सीटें बचती है तो उसमें मॉपअप राउंड के माध्यम से एडमिशन दिया जाएगा।

### बीएससी में 30 फीसदी एडमिशन

नर्सिंग एडमिशन के अंतिम दिन बीएससी नर्सिंग की 30 फीसदी सीटों में एडमिशन हुआ है। काउंसिलिंग कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि 7221 सीटों की में शनिवार की स्थिति में 4026 सीटों का आवंटन हुआ था, जिसमें 2250 सीटों पर प्रवेश पूरा हो पाया है। इसी तरह एमएससी की करीब साढ़े तीन सौ, पोस्ट बेसिक नर्सिंग की 505 सीटों पर प्रवेश का काम पूरा हुआ है।

## ड्रग पैडलर प्रोफेसर का धंधा संभालने वाले के साथी को पुलिस ने ग्राहक बनकर दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चर्चित वेब सिरीज मनी हाईट के किरदारों के नाम रख सिंथेटिक ड्रग एमडीएमए का कारोबार करने वाला पूर्व में गिरफ्तार आरोपी आयुष अग्रवाल उर्फ प्रोफेसर के साथी तथा दो अन्य को पुलिस ने ड्रग बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए एक आरोपी को पुलिस ने आयुश के साथी को पिस्टल तथा कारतूस उपलब्ध कराने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने पिस्टल सहित छह लाख रुपए कीमत का मादक पदार्थ ▶▶ शेष पेज 13 पर

- ड्रग बेचने के आरोप में गिरफ्तार पैडलर के कब्जे से पिस्टल, जिंदा कारतूस, चरस, सिंथेटिक मादक पदार्थ जब्त

### डीपी में ड्रग पैडलर का फोटो

पुलिस के अनुसार शुभम ने अपनी पहचान छिपाने छद्म नाम जिम्मी रॉय रखा था। साथ ही अपने वाट्सएप की डीपी में बहुचर्चित ड्रग पैडलर पैब्लो एस्कोबार का फोटो लगाया था। ड्रग पैडलर को पकड़ने पुलिस की टीम ग्राहक बनकर पहुंची। ग्राहक बनकर पहुंची पुलिस को पूरी तरह से परखने के बाद शुभम ने एमडीएमए की टेबलेट दी। इसके साथ ही अपने पास नए ग्राहक देख शुभम ने पुलिस वाले को नए ग्राहत लाने पर कमीशन देने का लालच दिया। गौरतलब है कि पुलिस ने तीन माह पूर्व मई में आयुष तथा उसके अन्य साथियों को खम्हारडीह स्थित एक फार्म हाउस से ड्रग बेचते गिरफ्तार किया था। उस दौरान शुभम पुलिस गिरफ्त में आने से बच गया था। इस दौरान पुलिस को शुभम द्वारा ड्रग बेचने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने शुभम को रंगे हाथ पकड़ने जाल बिछाया।

### हिमाचल प्रदेश से ऑनलाइन मंगाता था ड्रग

पुलिस के अनुसार शुभम हिमाचल प्रदेश, मनाली से ऑनलाइन ड्रग मंगाता था। पुलिस के अनुसार एमडीएम को शुभम टेबलेट के रूप में मंगाता था। जरूरतमंदों को ड्रग उपलब्ध कराने शुभम अपने अकाउंट में पहले पैसे ट्रांसफर कराता था, उसके बाद उनके लिए ड्रग मंगाने की व्यवस्था करता था।

## संपत्तिकर वसूली की नई डिमांड हो रही तैयार, काम में लापरवाही पर चार निकायों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब संपत्तिकर, समेकित कर की वसूली नवीन डिमांड के आधार पर होगी। विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के 46 नगरीय निकायों में संपत्ति का ड्रोन सर्वे, जीआईएएस बेसमैप तैयार कर संपत्ति का डोर टू डोर सर्वे ▶▶ शेष पेज 13 पर

- सूडा ने जारी किया चार निकायों को कड़ा नोटिस

### इन निकायों को जारी हुआ नोटिस

विश्व बैंक परियोजना के तहत काम किए जाने के लिए सूडा द्वारा नगरीय निकायों को एक साल पहले से निर्देश दिए जा रहे है कि वे समय पर निर्देशानुसार काम करें। लेकिन राज्य के चार निकायों, ▶▶ शेष पेज 13 पर

## देश से मानसून की विदाई शुरू, पर प्रदेश में बरसेंगे बादल दर्जनभर जिले औसत वर्षा से दूर, अब भरपाई मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजस्थान से दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई शुरू हो गई है, मगर प्रदेश में बादलों का बरसना जारी रहेगा। बनने वाले सिस्टम का असर सीमित इलाकों में होगा, जिसकी वजह से संकटग्रस्त जिलों को राहत मिलने की उम्मीद काफी कम है। राज्य में भले ही औसत वर्षा का कोटा पूरा हो गया हो, मगर दर्जनभर जिलों की भरपाई सीजन के शेष सात दिनों काफी मुश्किल है। अब बरसात की गतिविधि बस्तर में होने की ▶▶ शेष पेज 13 पर

- बारिश के सात दिन शेष बस्तर में ही ज्यादा होगी गतिविधि
- उमस ने किया हलाकान, दो दिन दक्षिण और मध्य में वर्षा के आसार



### किन जिलों में कितनी बारिश

| जिले | अब तक | औसत (मिमी.) |
|---|---|---|
| सरगुजा | 664 | 1223 |
| बेमेतरा | 565 | 1008 |
| दुर्ग | 706 | 984 |
| जशपुर | 935 | 1405 |
| रायपुर | 947 | 1051 |
| बिलासपुर | 950 | 1090 |

### उमस ने किया हलाकान

बारिश की गतिविधि ना के बराबर होने की वजह से सितंबर में उमस भरी गर्मी ने सबको हलाकान कर दिया। दिन के साथ रात में उमस भरी बेचैनी से राहत नहीं मिल रही है। शहर में दो दिन से बादल छा रहे हैं, मगर बारिश बेहद हल्की हो रही है, जो राहत दिलाने के लायक नहीं है। सोमवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक है और रात का तापमान में 22 डिग्री से अधिक हो चुका है।

*रंगीन तितलियों को आकर्षित करने बटर फ्लाई पार्क*

## नरैया तालाब के चारों ओर चलेगी टॉय ट्रेन जंपिंग जुंबा और योग वालों के लिए बनेगा शेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

तेलीबांधा के मरीन ड्राइव की तर्ज पर राजधानी के टिकरापारा स्थित नरैया तालाब अब पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जायेगा। इसके लिए 1 करोड़ खर्च कर योग करने वालों के लिए पक्का शेड, बच्चों के मनोरंजन के लिए टॉय ट्रेन तालाब के चारों किनारे की सैर कराने चलाई जाएगी। इसी तरह मल्टीएक्टिविटी के तहत संगीत के साथ जुंबा डांस, उछलकूद करने जंपिंग वंपिंग एरिया बनेगा। इसके साथ ही राजधानीवासियों को आकर्षित करने रंगीन तितलियों को लुभाने वाले पौधे लगाकर बटर फ्लाई पार्क बनाया जायेगा। नगर निगम जोन 6 इसके लिए रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करेगा। शहीद पंकज विक्रम ▶▶ शेष पेज 13 पर



### ऑनलाइन टेंडर

नरैया तालाब में मल्टीएक्टिविटी शुरू करने और बटर फ्लाई पार्क बनाने ऑनलाइन टेंडर जल्द होगा। इसमें मेंटनेंस की शर्त शामिल रहेगी। 6 माह की समय अवधि में प्रोजेक्ट को पूरा करना होगा।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### आपराधिक घटनाओं के मृतकों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं के चलते 9 महीने के भाजपा सरकार में राजधानी रायपुर में सैकड़ो हत्याएं हुई है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आंबेडकर चौक मे मोमबत्तियां जलाकर इन मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, भाजपा सराकर की नाकाम कानून व्यवस्था से आए दिन आपराधिक घटनाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य के राजधानी रायपुर या अन्य जिले मे महिलाएं सुरक्षित नही है, यहां डर का ऐसा माहोल पहले कभी नहीं देखा गया। इस अवसर पर छाया वर्मा, श्रीकुमार मेनन, राजू सोनी, जी श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, कमलेश नाथवानी, पुष्पराज बेद, ममता राय, प्रवीण चंद्राकर, मुन्ना मिश्रा, जय नारायण जलक्षत्री, अनिल रायचुरा, मोहसिन खान, बानो आमिर खान, गोपाल सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा प्रदेश स्तरीय कंट्रोलरूम प्रभारी होंगे रिजवी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के छह दिवसीय छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के लिए कांग्रेस मुख्यालय में राज्य स्तरीय कंट्रोलरूम का गठन किया गया है। कंट्रोलरूम प्रभारी सलाम रिजवी को बनाया गया है। साथ ही उनके साथ 15 सदस्यीय टीम होगी, इसमें सोमेन चटर्जी, पूजा देवांगन, चंद्रवती साहम, पल्लवी सिंह, लक्ष्मी देवांगन, प्रेमलता बंजारे, आशोक चतुर्वेदी, साक्षी सिरमौर, प्रेरणा साहू, गीता सिंह, कविता वर्मा, दिनेश निर्मलकर और अनिल मित्तल को नियुक्त किया गया है। न्याय यात्रा का सफल बनाने के लिए कंट्रोलरूम से स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाने का प्रयास होगा।

### लोहारीडीह मामले की मजिस्ट्रियल जांच शुरू, 4 तक दे सकते हैं साक्ष्य

**रायपुर।** कबीरधाम जिले के ग्राम लोहारीडीह में 15 सितंबर को शिवप्रसाद साहू की मृत्यु के बाद घटित आगजनी में रघुनाथ साहू की मृत्यु होने के कारण उक्त घटनाक्रम के संबंध में दंडाधिकारी जांच शुरू हो गई है। अतिरिक्त कलेक्टर निर्भय साहू को दंडाधिकारी जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इस जांच से संबंधित जानकारी रखने वाले व्यक्ति 24 सितंबर से 4 अक्टूबर सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कबीरधाम में उपस्थित होकर लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य एवं अभिलेख प्रस्तुत कर सकते हैं। मामले में शासन द्वारा जांच की घोषणा के बाद दंडाधिकारी जांच की रिपोर्ट एक माह में देने का आदेश जारी हुआ है। घटना के संबंध में सभी बिंदुओं जानकारी ली जा रही है। मामले को लेकर ग्रामीणों से भी चर्चा करने के बाद रिपोर्ट तैयार होगी।

### विधायक से प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात, मिला आश्वासन



**रायपुर।** विधायक अनुज शर्मा ने साईंनगर जोरा के प्रतिनिधिमंडल को पंजाब केसरी भवन रोड से बालाजी कैंसर रिसर्च अस्पताल तक नई नाली निर्माण के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। साईंनगर का प्रतिनिधिमंडल विधायक के आवासीय कार्यालय पहुंचा था, जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, संतोष शर्मा, सुरेश सोनी और छगनलाल साहू समेत कॉलोनी के नागरिक जोरा क्षेत्र की 2 प्रमुख समस्याओं को लेकर विधायक से मिले। जिस पर विधायक ने उन्हें आश्वासन दिया।

# राजस्व मामलों का निपटारा अब नई पद्धति से, ईमेल, एसएमएस से सूचना, पेशी 21 दिन में और फैसला 6 माह में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब जल्द ही राजस्व प्रकरणों में आधुनिक पद्धति से प्रक्रिया चलने वाली है। दरअसल सरकार राज्य न्यायालयों की कार्यपद्धति के नए नियम लाने जा रही है। इसके लागू होने के बाद अब राजस्व न्यायालयों से संबंधित सूचनाएं ईमेल, एसएमएस और वाट्सएप से भेजी जाएंगी। एक पेशी के बाद दूसरी पेशी 21 दिनों के अंदर होगी और प्रकरणों का फैसला 6 महीने के अंदर हो जाएगा। सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने ये नए नियम बनाए हैं और उन पर दावा-आपत्ति ली जाएगी। 15 दिनों में दावा आपत्तियों का निराकरण करने के बाद नए नियम लागू कर दिए जाएंगे।

## राजस्व मामलों के निपटारे के लिए नए नियम

### अब पेशी 21 दिनों के अंदर होगी

किसी भी मामले में एक सुनवाई के बाद पेशी की अगली तिथि 21 दिनों से अधिक अवधि की नहीं होगी। प्रत्येक सूचना की तामीली संबंधित तहसील के भृत्य, पटेल या कोटवार के माध्यम से पक्षकार को देकर सूचना की तामीली होगी। पक्षकार उपलब्ध न हो तो उसके घर में सूचना चस्पा की जाएगी। इस काम के समय गवाह भी होगा।




### ईमेल-एसएमएस से भी सूचना

खास बात ये है कि इस नई पद्धति में यह प्रावधान किया गया है कि पक्षकार द्वारा उपलब्ध कराए गए पक्षकारों के शासकीय दस्तावेज में उपलब्ध डिजीटल संपर्क माध्यम ईमेल, या एसएमएस पर सूचना पीठासीन अधिकारी के कार्यालय से भेजी जाएगी और सूचना भेजे जाने के बाद इसकी डिजीटल पावती की प्रति तामीली रिपोर्ट के रूप में मान्य कर प्रकरण में अपलोड की जा सकेगी।

### नए नियमों में हैं ये प्रावधान

राजस्व न्यायालयों को लोकसेवा केंद्रों एवं नागरिक पोर्टल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक, डिजीटल फार्म में आवेदन प्रस्तुत किए जा सकेंगे। जो संबंधित पीठासीन अधिकारी की आईडी में पोर्टल पर दिखेंगे। ऐसे आवेदन मिलने के बाद पीठासीन अधिकारी पहली सुनवाई की तारीख तय करेंगे। आवेदन संबंधित पीठासीन अधिकारी को या उनकी अनुपस्थिति में न्यायालय के वाचक(रीडर) को व्यक्तिशः या डा के माध्यम से भी दिए जा सकेंगे। आवेदन मिलने के बाद रीडर की जिम्मेदारी होगी की वह 24 घंटे के अंदर इस ई-कोर्ट प्रबंधन प्रणाली में दर्ज करेंगे। जहां तक संभव हो सके आवेदन मिलने के पहले ही दिन प्राथमिक सुनवाई की जाएगी।

### इसलिए बना रहे हैं नए नियम

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार यह बदलाव इसलिए किया जा रहा है कि राजस्व न्यायालयों में अब ई कोर्ट प्रबंधन प्रणाली लागू की जा रही है। यह एक नई प्रणाली है। इसके साथ ही वजह ये भी कि राज्य में राजस्व से संबंधित लंबित मामलों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। सबसे बड़ी समस्या ये भी है कि इन मामलों में सूचना की तामीली देरी से होने के कारण सुनवाई की प्रक्रिया में देरी होती है। इन समस्याओं का अब निराकरण हो सकेगा।

---

**हर बूथ में एक ही दिन में 100-100 सदस्य बनाने का बड़ा लक्ष्य**

# मुख्यमंत्री साय बगिया के बूथ में कल बनाएंगे भाजपा के सौ सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा ने अपने सदस्यता अभियान के पहले चरण के अंतिम दिन एक बार फिर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लेकर सभी मंत्री, सांसद, विधायक और प्रदेश के नेताओं को बूथों पर भेजकर सदस्य बनाने की रणनीति बनाई है। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है। ऐसे में इस दिन मुख्यमंत्री कुनकुरी विधानसभा के बगिया बूथ में रहेंगे और वे सौ सदस्य बनाने का काम करेंगे। इसी तरह से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव जगदलपुर विधानसभा के आसना में सदस्य बनाने का काम करेंगे। प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव लोरमी के तुलसाघाट और विजय शर्मा कवर्धा के एक बूथ में मौजूद रहेंगे। प्रदेश के जो भी बड़े नेता बूथों तक जाएंगे सभी को सौ-सौ सदस्य बनाने हैं। इसके लिए भाजपा ने बूथों में तैयारी की है।

- अरुण साव लोरमी के तुलसाघाट, विजय शर्मा कवर्धा और किरण देव जगदलपुर के आसना बूथ में जाएंगे

सदस्यता अभियान समिति के संयोजक अनुराग सिंहदेव ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया, 25 सितंबर को प्रदेश में सदस्यता अभियान का बड़ा कार्यक्रम होगा। प्रदेश के सभी बूथों पर प्रदेश के सभी बड़े नेता भी जाएंगे। इस एक दिन हर बूथ में 100-100 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया, प्रदेश में सदस्यता अभियान काफी तेजी से चल रहा है। अब तक 19 लाख सदस्य बन गए हैं। हमारा लक्ष्य 50 लाख का है और इस लक्ष्य तक आसानी से पहुंच जाएंगे। हमारे कार्यकर्ता काफी उत्साह के साथ काम कर रहे हैं। श्री सिंहदेव ने बताया, सदस्यता अभियान के लिए जो भी नेता बूथों में जाएंगे, उनको वहां पर सात से आठ घंटों तक रहना है और वहां पर रहकर जहां सौ सदस्य बनाने होंगे, वहीं लोगों से मिलना-जुलना भी होगा।




**प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने सर्व समाज के 1500 व्यक्तियों को दिलाई भाजपा की सदस्यता**

दीनदयाल उपाध्याय आडीटोरियम साइंस कॉलेज में सर्वसमाज के 15 सौ व्यक्तियों को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर जोगी कांग्रेस के भी कई नेता भाजपा की सदस्यता लेकर भाजपा में शामिल हुए। कार्यक्रम में संगठन महामंत्री पवन साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंहदेव शामिल हुए। सदस्यता ग्रहण करने वालों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह के सम्मुख सर्वप्रथम जोगी कांग्रेस के महासचिव एवं देवांगन समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश देवांगन, जोगी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता अविरल सिंह, बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनेश देवांगन, प्रदेश सचिव गजेन्द्र देवांगन, पूर्व विधायक आरके राय, सतनाम सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजमहंत सुन्दर लाल लहरे, अधिवक्ता संघ रायपुर के अध्यक्ष हितेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष रामनारायण व्यास, भगत हरवंश, श्रीकांत तिवारी, डा. अवधेश मौर्या, बीएल माहना, सिन्धी समाज से नारायण मूलचंदानी, पंजाबी समान से सुधीर मग्गू, अग्रवाल समाज से राजेश अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता व सहकार भारती सचिव सौरभ तिवारी, मदन देवांगन, रामायण दास मानिकपुरी अभिषेक यदु, अधिवक्ता लक्ष्मी सैनी इत्यादि प्रमुख हैं।

### कौन कहां रहेगा

प्रदेश के मंत्रियों और नेताओं के लिए जो बूथ तय किए गए उसमें प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम लूरगी फतेहपुर बूथ में, दयालदास बघेल नौदल, ओपी चौधरी कोड़ातराई के बूथ 159, लक्ष्मीराजवाड़े मरीप, लखनलाल देवांगन कोरबा के बूथ 183, टंकराम वर्मा बलौदाबाजार ग्रामीण के बूथ 139, सरोज पांडेय दुर्ग शहर के बूथ 173, लता उसेंडी कोंडागांव के मसोरा बूथ, पवन साय भनपुरी के प्रगति नगर बूथ, संजय श्रीवास्तव शंकर नगर के बूथ 70, सांसद विजय बघेल पाटन के पतोरा बूथ, रूपकुमारी चौधरी बीजराभाठा बूथ, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा धमतरी शहर के बूथ 171 में रहेंगे। इसी तरह से सभी सांसद, विधायक, प्रदेश के और जिलों के पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के बूथों में रहेंगे।

## लोकसभा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री मांडविया से मिले डॉ. रमन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की। श्री सिंह ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष से 10वीं सीपीए इंडिया रीजन कांफ्रेंस पर मार्गदर्शन प्राप्त किया और अपने संबोधन के विषय सतत और समावेशी विकास में विधायिका की भूमिका पर इस महत्वपूर्ण कांफ्रेंस में चर्चा की। डॉ. रमन सिंह एक्स पोस्ट पर लिखा, खेल मंत्री से छत्तीसगढ़ के विकास और खिलाड़ियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक संवाद हुआ।

## ओबीसी समाज पर हमले बंद करें, दोषियों पर हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने प्रदेश में ओबीसी समाज के लोगों पर हो रहे टार्गेटेड हमले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए संगठन विगत चार सालों से निरंतर कैडर कैम्प के माध्यम से ओबीसी समाज को उनके संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के लिए जागरूक कर रहा है, ताकि ओबीसी समाज को भी समान भागीदारी व सामाजिक सुरक्षा मिल सके, किंतु दुर्भाग्य ही है कि आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी ओबीसी समाज के लोगों पर निरंतर अन्याय, अत्याचारपूर्ण बर्ताव हो रहा है, जो न केवल घोर निंदनीय है, अपितु प्रदेश के सर्वांगीण विकास मे बाधक भी है।



पुलिस हिरासत में बर्बर पिटाई से प्रशांत साहू की हुई मौत एवं प्रदेश में ओबीसी समाज पर हो रहे टार्गेटेड हमले के विरोध में समिति के तत्वावधान में प्रदेश के धमतरी, बालोद, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर समेत विभिन्न जिलों में ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर समिति के संस्थापक, अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने गृहमंत्री विजय शर्मा के विधानसभा क्षेत्र के लोहारीडीह कवर्धा में प्रशांत साहू की पुलिस हिरासत में हुई मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की घटना स्वीकार्य नहीं है।

# बैज बोले- सीबीआई की इंट्री सिर्फ कांग्रेस के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में सीबीआई की लिमिट तय होने पर सियासत शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने साय सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, सीबीआई की एंट्री पर राज्य और केंद्र सरकार के बीच तालमेल नहीं है। सीबीआई की एंट्री केवल कांग्रेस के लिए है। उन्होंने कहा, राज्य में हो रहे लेन-देन से बचने का यह रास्ता है। कांग्रेस सरकार में सीबीआई बैन पर भाजपा सवाल उठाती रही। भाजपा सरकार में सीबीआई की सीमा क्यों तय हुई, इसका जवाब दें।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में सीबीआई बैन था। भाजपा की सरकार आते ही इस बैन को हटा दिया गया। वहीं राज्य सरकार ने सीबीआई की लिमिट भी तय की है। भारतीय न्याय संहिता के प्रावधान



के तहत राज्य सरकार ने 9 सितंबर को अधिसूचना जारी की है, इसके मुताबिक अब सीबाआई राज्य सरकार के अधीन लोक सेवकों से संबंधित मामलों में लिखित अनुमति के बिना जांच नहीं कर सकेगी।

### राज्य सरकार जिन मामलों को सौंपेगी, उन पर जांच

राज्य सरकार ने सीबीआई के लिए ये शर्त रखी है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा नियंत्रित लोकसेवकों से संबंधित मामलों में राज्य सरकार की पूर्व लिखित अनुमति के बिना ऐसा कोई जांच नहीं की जाएगी, जैसा कि केंद्र सरकार या केंद्रीय उपक्रमों के अफसर, कर्मियों संबंधित मामलों में करने की अनुमति है। अब राज्य सरकार जो मामले जांच के लिए सीबीआई को सौंपेगी, उन मामलों की ही जांच यह केंद्रीय संस्था कर पाएगी।

### आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा गुमराह कर रही

जातिगत आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा द्वारा कांग्रेस को आरक्षण विरोधी बताए जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा गुमराह कर रही है। भाजपा आरक्षण की हितैषी है, तो राजभवन में लंबित विधेयक पर ध्यान दे। छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही चाकूबाजी की घटना को लेकर बैज ने कहा, राज्य में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। सरकार का नियंत्रण नहीं दिख रहा। जनता में इस बात को लेकर आक्रोश है। सरकार अपराधियों को संरक्षण देने में लगी है।

**जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी तक थे आरक्षण के खिलाफ**

# संगम लाल ने कहा- कांग्रेस हमेशा से ही आरक्षण विरोधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री, छत्तीसगढ़ प्रभारी और प्रतापगढ़ (उप्र) के पूर्व सांसद संगमलाल गुप्ता ने कहा, कांग्रेस हमेशा से ही आरक्षण विरोधी रही है। अभी हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका की यात्रा के दौरान अपने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह कहा, जब भारत में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार केंद्र में बनेगी, तो हमारी (कांग्रेस की) सरकार आरक्षण को खत्म कर देगी।

श्री गुप्ता ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, देश की जनता के सामने भी यह तथ्य आना चाहिए कि जो आरक्षण की बात करते हैं, उनका असली राजनीतिक चरित्र क्या है और उनकी आरक्षण को लेकर सोच क्या है? राहुल गांधी ने अमेरिका जाकर जो केंद्र में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर आरक्षण खत्म करने की बात कही है, देश का ओबीसी समुदाय उसकी घोर निंदा करता है। श्री गुप्ता ने कांग्रेस के आरक्षण विरोधी इतिहास की विस्तार से चर्चा करते हुए बताया, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने 1990 में मंडल कमीशन की रिपोर्ट रद्द कर दी और लोकसभा में ओबीसी समुदाय को आरक्षण देने का विरोध किया। राजीव गांधी ने तब यह भी कहा कि आरक्षण के माध्यम से हमें बुद्धुओं को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। लोकसभा में ऑन रिकॉर्ड यह कहकर राजीव गांधी ने ओबीसी समुदाय को अपमानित किया। श्री गुप्ता ने कहा, राजीव गांधी से पहले इंदिरा गांधी ने भी मंडल कमीशन की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। नीरज चौधरी की किताब हाऊ प्रइम मिनिस्टर्स डिसाइड में यह लिखा हुआ है कि मंडल कमीशन की आरक्षण दिए जाने की रिपोर्ट को लेकर इंदिरा गांधी ने अपनी सरकार के कानून मंत्री शिवशंकर से कहा, ऐसा एटीआर तैयार कीजिए कि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे।




### भाजपा के नाम से दुष्प्रचार कर रहे राहुल

श्री गुप्ता ने कहा, अभी हाल ही हुए लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने संविधान की दुहाई देते हुए यह दुष्प्रचार करके देश की भोली-भाली जनता को गुमराह किया कि भारतीय जनता पार्टी संविधान बदल देगी और आरक्षण खत्म कर देगी। चूंकि कांग्रेस का यह इतिहास रहा है कि ये आरक्षण विरोधी हैं और आरक्षण को खत्म करेंगे। आजादी के बाद से कांग्रेस ने देश पर राज किया और गरीबी हटाओ का नारा दिया लेकिन 2014 में जब देश में एक गरीब का बेटा देश का प्रधानमंत्री बना, तब सन 2018 में उस मंडल कमीशन की सिफारिशों के अनुरुप संवैधानिक तौर पर ओबीसी आरक्षण देने की क्रांतिकारी पहल

**जिले में तैयार की हार्ड और साफ्ट कापी में रिपोर्ट**

# ओबीसी सर्वे की अंतरिम रिपोर्ट में सामाजिक आर्थिक स्थिति की होगी पूरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर जिलों में ओबीसी सर्वे का काम पूरा नहीं हो पाया है। मैदानी अमले को अपनी रिपोर्ट बुधवार तक देनी है। सर्वेयरों को घर घर जाकर 54 बिंदुओं वाला फार्म भरवाना था, सर्वे के काम में एक लाख से अधिक आंगनबाड़ी सहायक, कार्यकर्ताओं और कुछ अन्य सरकारी कर्मियों को भी लगाया गया है।

निकाय चुनावों में आरक्षण तय करने के लिए सभी जिलों का डाटा तैयार करना था। सर्वे का काम मतदाता सूची पुनरीक्षण के साथ शुरू हुआ था। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे अभी पूरा नहीं हो पाया है। बुधवार तक रिपोर्ट मांगे जाने पर हार्ड और साफ्ट कापी तैयार की जा रही हैं। बताया गया है कि आयोग को सौंपी जाने वाली रिपोर्ट में सामाजिक और आर्थिक स्थिति की जानकारी दी जाएगी। निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर कराए जा रहे सर्वे का काम आधा-अधूरा है। नवंबर-दिसंबर में निकायों का कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व के संबंध में तैयारी पूरी करने की कवायद शुरू हो गई है। अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर ओबीसी की आरक्षण की स्थिति तय करने आंकडे जिलों के द्वारा दिए जाएंगे। बताया गया है कि पंचायत और नगरीय निकाय द्वारा कराए जा रहे सर्वे की रिपोर्ट एसडीएम के माध्यम से तैयार की जा रही है। जिलों में सर्वे की प्रगति को लेकर लगातार समीक्षा की जा रही है। आयोग को सौंपे जाने वाली रिपोर्ट में मतदाता सूची में ओबीसी वर्ग की संख्या के आधार पर उन जिलों के सामजिक और आर्थिक स्थिति का आकलन किया गया है।

### आरक्षण की स्थिति तय होगी

बताया जाता है कि निकाय चुनावों को लेकर पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की स्थिति तय करने यह सर्वे कराया जा रहा है। नगरीय निकाय चुनाव के लिए रायपुर नगर निगम का आरक्षण तय करने अन्य पिछड़ा वर्ग के सीटों का प्रतिशत तय होगा। जिलों द्वारा तैयार की जा रही रिपोर्ट के आधार पर आयोग अपनी अनुसंशा शासन को भेजेगा। आयोग को तीन माह का समय दिया गया था, पूरा सर्वे होने के लिए यह समय कम माना जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आयोग के कार्यकाल में वृद्धि की संभावना भी बनी हुई है।

# बिल्डर एकेएस इंनफॉटेक को 75.26 लाख रुपए जमा करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने एकेएस स्मार्ट सिटी ग्राम पाहंदा जिला-दुर्ग के रहवासियों और आबंटितियों के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय करते हुए संप्रवर्तक बिल्डर एके एस. इंन्फॉटेक को अपने प्रोजेक्ट के प्रचार-प्रसार विक्रय के लिए तैयार किए गए ब्रोशर विवरण अनुसार स्वीमिंग पूल और क्लब हाउस नहीं बनाने के कारण रहवासियों के सोसाइटी के पक्ष में स्वीमिंग पूल की लागत 25 लाख 17 हजार 400 रुपए तथा क्लब हाउस की लागत 50 लाख 09 हजार कुल 75 लाख 26 हजार 400 रुपए 45 दिन के भीतर फिक्स डिपॉजिट करने का आदेश पारित किया गया है। अनिता देवी, स्वाति केसरी और शशिकांत भुआल सभी निवासी एकेएस स्मार्ट सिटी पाहंदा ने रेरा में मई 2024 में शिकायत प्रस्तुत की थी कि उनके द्वारा 2019 में प्लॉट क्रय किया गया था, जिसमें बिल्डर द्वारा मूलभूत सुविधा, जिसमें स्वीमिंग पूल और क्लब हाउस भी है, की सुविधा प्रदान करने का उल्लेख किया गया था। बिल्डर द्वारा प्रोजेक्ट में विकास कार्य करते हुए अनुविभागीय अधिकारी पाटन से 07.08.2020 को पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त किया, परन्तु उनके द्वारा अपने ब्रोशर अनुसार कॉलोनी में स्वीमिंग पूल और क्लब हाउस नहीं बनाया गया है। रेरा प्राधिकरण द्वारा इस शिकायत को गंभीरता पूर्वक लेते हुए चार माह के भीतर सुनवाई कर आदेश पारित किया गया।

- अपनी योजना में स्वीमिंग पूल और क्लब हाउस नहीं बनाने की मिली थी शिकायत



# सरकारी अस्पतालों के लिए घोषणाएं ढेरों पर काम जीरो, पुराने सिस्टम के भरोसे चल रहा मरीजों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकारी अस्पतालों को अपडेट करने के लिए समय-समय पर कई घोषणाएं तो की गईं, मगर इस पर काम सरकारी प्रक्रियाओं के कारण शुरू ही नहीं हो पाया। इसकी वजह से मरीजों का इलाज अभी भी पुरानी मशीनों और सिस्टम के भरोसे ही चल रहा है। प्रदेश के बड़े आंबेडकर और डीके अस्पताल में नई मशीनों और सुविधाओं के विस्तार के लिए करोड़ों के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए हैं, मगर अब तक इस पर कोई कार्यवाही प्रारंभ ही नहीं की गई है।

■ सुविधा बढ़ाने निर्माण कार्यों पर अब तक शुरू नहीं हुआ काम

## ठंडी पड़ी आंबेडकर और डीके अस्पताल में नई मशीनों की योजना

### मरीज निजी अस्पतालों के भरोसे

दोनों अस्पताल की दोनों बड़ी योजनाएं मरीजों के उपचार से नजरिए से बेहद महत्वपूर्ण है। कैंसर के मरीजों को पैट सीटी की जांच के लिए निजी अस्पताल जाकर हजारों रुपए खर्च करना मजबूरी है। इसी तरह आर्गन ट्रांसप्लांट के लिए जरूरतमंद मरीजों को निजी अस्पतालों में जाकर प्रक्रिया पूरी करनी पड़ रही है जिसमें भी उन्हें खर्च उठाना पड़ता है। इसी तरह कई अन्य तरह की जांच और सरकारी सुविधाओं के लिए प्रदेश की जनता को पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं।

### नहीं मिली सीटी स्कैन मशीन गार्ड का प्रस्ताव भी ठंडा



आंबेडकर अस्पताल में आने वाले 60 फीसदी मरीजों के लिए उपयोग होने वाली सीटी स्कैन मशीन की खरीदी पर सहमति बनी थी मगर बजट नहीं मिला। नेत्र रोग विभाग में रेटिना विक्ट्रेक्टॉमी मशीन का प्रस्ताव भी ठंडा हो गया। महीनेभर पहले हुई स्वशासी समिति की बैठक में हाई टेक्नोलॉजी पोस्टमार्टम मशीन, सुरक्षा के लिए हथियारबंद जवान सहित अन्य योजनाएं की स्वीकृति अभी कागजी रूप में अस्पताल प्रबंधन को नहीं मिल पाई है।

### 21 करोड़ के उपकरण मड़िया निवास अधूरा

डीके अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों को आधुनिक तरह के उपकरणों की सुविधा देने के लिए न्यूरो सर्जरी, बर्न प्लास्टिक, गैस्ट्रो, यूरो, पीडियाट्रिक सर्जरी के लिए लगभग 21 करोड़ के आवश्यक उपकरण खरीदने के लिए प्रस्ताव बनाया था, जिसे प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी। इसी तरह छात्रावास और मरीज के परिजनों को मड़िया आवास सुविधा देने एक करोड़ की राशि स्वीकृत गई थी, मगर दोनों योजनाएं राशि के अभाव में प्रक्रियाधीन हैं।

राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कमियों को दूर करने के लिए घोषणा हो रही, मगर इसे कार्य रूप में लाने के लिए विभागीय स्तर पर काम प्रारंभ होता नजर नहीं आ रहा है। आंबेडकर अस्पताल में इलाज कराने रोजाना ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या डेढ़ हजार से अधिक हो चुकी है, मगर इनकी जांच का काम पुरानी हो चुकी मशीनों के भरोसे ही चल रहा है। समय-समय पर अस्पतालों के निरीक्षण और बैठकों में सुविधा बढ़ाने घोषणाएं तो हो रही हैं, मगर इस पर कागजी कार्यवाही अब तक शुरू नहीं हो पाई है। आंबेडकर अस्पताल में 18 करोड़ की पैट सीटी मशीन को शुरू करने की योजना सालों पुरानी है। इसके लिए कई बार डेड लाइन तय हुई, मगर अब तक बात मीटिंग निरीक्षण से आगे बढ़ती नहीं दिख रही है।

## खबर संक्षेप



### यूनियन बैंक रिटायरीज एसो. की नई कार्यकारिणी

रायपुर। यूनियन बैंक रिटायरीज एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की बैठक में नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। आगामी तीन वर्षों के लिए सर्वसम्मति से चेयरमैन आरपी तिवारी, अध्यक्ष एमवाय जोशी, उपाध्यक्ष सीएल निमजे, अभय सिन्हा, महासचिव जेके चौहान, सहसचिव धर्मेन्द्र अग्रवाल, सुरेश सरवैया, सुभाष अग्रवाल, डब्ल्यूआर वानरे, कोषाध्यक्ष एचआर चावड़ा, संगठन सचिव एके चाकी, केबी माथुर, राजेश अग्रवाल, महामाया मजूमदार, एवीएस नारायणा, ललीत स्वर्णकार को बनाया गया।

### वाहन चालक मालक संघ ने सीएम साय को सौंपा ज्ञापन

रायपुर। वाहन चालक मालक सामाजिक संघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। संघ की 5 मांगें हैं, इनमें वाहन चालक मालक के लिए सर्वसुविधायुक्त टैक्सी स्टैंड, हर बड़े जिले में ठहरने के लिए सारथी भवन, और भोजन के लिए दालभात केंद्र में व्यवस्था, टैक्सी का प्रोटोकॉल रेट बढ़ाने, टैक्सी परमिट की दरें कम करने और प्रदेश में बढ़ रही नशाखोरी पर लगाम लगाने की मांग की गई है। संघ के सदस्यों को मुख्यमंत्री ने कुछ मांगों पर सहमति दी है तथा कुछ मांगों को लेकर आश्वासन दिया है।

## निधन

### गोपाल प्रसाद शर्मा



रायपुर। रायपुरा निवासी गोपाल प्रसाद शर्मा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 सितंबर को को महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे अजय शर्मा, अनिल शर्मा, सुनील शर्मा एवं सुशील शर्मा के पिता थे।

### छोटू दीप



रायपुर। कलिंग नगर निवासी छोटू दीप का 23 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 सितंबर को सुबह 9 बजे कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अशोक दीप एवं सोनू दीप के पिता थे।

### गंगा देवी अग्रवाल



रायपुर। नीर गंगा वीआईपी रोड निवासी गंगा देवी अग्रवाल का 23 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 सितंबर को दोपहर 3 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. निरंजन लाल की पत्नी, चतुर्भुज, गोपाल, सुभाष, विनोद, प्रलाध, अशोक एवं सुमित्रा, सावित्री की माता थीं।

## रायपुरा, मौदहापारा, रामसागरपारा की कचरा गाड़ी को बूढ़ातालाब के पास आना पड़ रहा

# 70 वार्डों का कचरा डंप करने मात्र 9 ट्रांसफर स्टेशन, नए स्टेशन बनाने शहर में जगह का टोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के 70 वार्डो से निकल रहे कूड़ा करकट को शहर के भीतर रखने नगर निगम के पास जगह का टोटा है। रामकी के पास केवल 9 कलेक्शन पाइंट हैं, जहां पर 245 गाड़ियों से 70 वार्डो से निकलने वाले 550 मीट्रिक कूड़ा करकट को लाया जाता है। यही कारण है कि रायपुर में कचरा एकत्रित करने वाली गाड़ी को बूढ़ातालाब के पास कलेक्शन पाइंट तक आना पड़ता है, क्योंकि वहां आसपास ठेका कंपनी को ट्रांसफर स्टेशन के लिए निगम ने जगह नहीं दिलाई। हैरानी की बात ये है कि धरना स्थल वाले कलेक्शन पाइंट में 4 जोनों से 28 वार्डो का कचरा रोज पहुंच रहा है। इसे खाली करने सुबह से देर शाम तक गाड़ियों की लाइन लगी रहती है। यही हाल शहर के अन्य जगहों पर बनाये गये ट्रांसफर का स्टेशन का है।

■ बूढ़ापारा धरना स्थल के ट्रांसफर स्टेशन पर सबसे ज्यादा लोड, 28 वार्डों से रोज पहुंच रहा कूड़ा करकट

***20 से 25 जगहों पर चाहिए ट्रांसफर स्टेशन, बना पाए मात्र 9 :*** शहर के विस्तार को देखते हुए रामकी कंपनी ने नगर निगम प्रशासन से ट्रांसफर स्टेशन बनाने शहर भर में 20 से 25 जगहों पर ट्रांसफर स्टेशन बनाने जगह उपलब्ध कराने की मांग की है। रामकी के सिटी हेड योगेश कुमार का कहना है कि निगम आयुक्त को हर बार समीक्षा बैठक में इस सेकंडरी कलेक्शन पाइंट के लिए जगह उपलब्ध कराने का आग्रह करते आए हैं, पर जोन स्तर पर अभी तक मात्र 9 पाइंट पर ट्रांसफर स्टेशन बनाने जगह मिली, जो कि 70 वार्ड के हिसाब से बेहद कम है।

### दिक्कत इस तरह से

- डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के बाद सफाई वाहन को कचरा खाली करने लंबी दूरी तय करनी होती है। जिसमें समय ज्यादा लगता है और ईंधन की खपत बढ़ती है।
- निर्धारित समय पर घरों तक कचरा गाड़ी नहीं पहुंच पाती। टाइमिंग पर असर।
- एक ही ट्रांसफर स्टेशन में दर्जन भर से ज्यादा वार्डो से कूड़ा करकट गाड़ी खाली करने आपाधापी।
- सेकंडरी पाइंट से ट्रेंचिंग ग्राउंड तक रोज नहीं पहुंच पा रहा कूड़ा करकट।



इन जगहों पर सफाई गाड़ी के लिए बनाया है ट्रांसफर स्टेशन

- दलदल सिवनी गोकुलनगर
- नारायण हास्पिटल के समीप
- बेस्ट प्राइज भनपुरी
- देवपुरी
- बूढ़ापारा के पुराना धरना स्थल के पास
- पंडरी के हॉट बाजार के पास
- पुरैना
- जरवाय

### आउटर के इन इलाकों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, 13 गाड़ियां बढ़ाई

राजधानी के कौशिल्या विहार सहित वीआईपी रोड सहित आउटर के नए इलाकों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए इसी सप्ताह 13 नई कचरा गाड़ी उपलब्ध कराई गई है। अनुबंधित एजेंसी अब 245 सफाई वाहनों से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कर सकरी के ट्रेंचिंग ग्राउंड में पहुंचा रहा है। जहां प्लांट में कचरे का वैज्ञानिक निष्पादन की व्यवस्था है। जिन नए इलाकों में सफाई वाहन शुरू किया गये हैं, उनमें जोन 8 के मानसरोवर विहार, सत्यम विहार, रायपुरा के इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट, जोन 9 क्षेत्र स्थित प्रधानमंत्री आवासीय परिसर कचना, आर्मी चौक, गोकुलनगर बीएसयूपी, कोटा बीएसयूपी आवासीय परिसर, वीआईपी रोड, यूपी टाउन अपार्टमेंट। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण के टाउनशीप कौशिल्या विहार में सेक्टर 11 और सेक्टर 12 , वसंत विहार क्षेत्र।

# संतोषी नगर में तोड़ा अवैध निर्माण, निगम की टीम को रहवासियों ने घेरा, जमकर बवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के संतोषी नगर में अवैध निर्माण तोड़ने पहुंची नगर निगम की टीम को वहां के रहवासियों ने घेर लिया। बुलडोजर की कार्रवाई रोकने की मांग करते हुए इसका जमकर विरोध किया। इस दौरान महिलाएं और बच्चे बुलडोजर पर चढ़ गये। भारी विरोध के बाद जोन 6 की टीम ने सड़क पर अवैध निर्माण कर बनाई गई दुकान को तोड़ गिराया। दरअसल, संतोषीनगर में नहर के उपर अवैध निर्माण को लेकर मिल रही शिकायत के बाद जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल के नेतृत्व में नगरनिगम की टीम सोमवार को अवैध निर्माण तोड़ने स्पॉट पर पहुंची। इस दौरान रहवासियों ने निगम की तोड़फोड़ की कार्रवाई का विरोध करते हुए तत्काल रूप से काम रोकने कहा। निगम अधिकारियों का कहना था कि अवैध निर्माण को हटाने पूर्व में नोटिस दिया गया, इसके बाद भी सड़क पर बनाये गये निर्माण को नहीं हटाया गया।

■ बुलडोजर की कार्रवाई रोकने बच्चे, महिलाएं बुलडोजर पर चढ़ गए

### 2 दुकान व मकान तोड़े

संतोषी नगर क्षेत्र में अवैध निर्माण की शिकायत के बाद निगम की टीम ने दो घरों के अवैध निर्माण को तोड़ा। इसमें से एक ने दुकान बना रखी थी। सूत्रों के मुताबिक तोड़फोड़ के बाद रहवासी भड़क गये। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों इकट्ठे हो गए। कुछ लोग बुलडोजर पर चढ़ गये और वहीं बैठकर बड़े अधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगे। पुलिस का कोई बड़ा अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं था। ऐसे में जन आक्रोश को देखते हुए निगम की टीम ने कार्रवाई रोक दी। विदित हो कि नहर के उपर अवैध निर्माण होने से आसपास के क्षेत्र जलभराव की समस्या भी होती रही है। जन शिकायत के बाद जोन 6 के नगर निवेश विभाग ने अवैध निर्माण करने वालों को नोटिस दिया। इसके बाद भी अवैध निर्माण नहीं हटाया गया।


# चौराहों, स्ट्रीट पोल और डिवाइडर से उतारे 2 हजार से अधिक बैनर पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के चौराहों, स्ट्रीट पोल और मार्ग विभाजकों में विभिन्न संस्थाओं द्वारा लगाये गये करीब 2 हजार से अधिक बैनर-पोस्टर को निगम की टीम ने सोमवार को हटवाया। शहर की सुंदरता पर असर डाल रहे इन बैनर पोस्टर के आंधी तूफान में गिरने और इससे दुघर्टना की आशंका को देखते हुए अभियान चलाकर कार्यवाही की गई।

■ नगर निवेश विभाग की टीम ने मुख्य मार्ग सहित भीतरी क्षेत्रों में चलाया अभियान

राजधानी के प्रमुख मार्गो, चौराहों पर लगाये गये बैनर पोस्टर हटाने नगर निगम ने अभियान चलाया। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश और अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल के निर्देश पर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़नदस्ता सहित जोन स्तर की टीमों ने चौराहों, स्ट्रीट पोल में लगाये गये बैनर-पोस्टर को हटाने सुबह से लेकर शाम तक अभियान चलाकर कार्यवाही की। इनमें से कुछ बैनर-पोस्टर तेज हवा के कारण नीचे गिर गये थे।



# टैगोरनगर, एमआर कालोनी, विवेकानंद नगर में नलों की धार पतली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 6 के शहीद पंकज विक्रम वार्ड के टैगोर नगर आरएमएस कालोनी, एमआर कालोनी, विवेकानंद नगर और पेंशनबाड़ा क्षेत्र में लोग पानी की समस्या से परेशान हैं।

■ सप्ताहभर से पानी की दिक्कत, टैंकर भेजकर करा रहे जल आपूर्ति

इन इलाकों में सप्ताहभर से नलों की धार पतली हो गई है। इसके चलते रहवासियों को पीने के पानी सहित निस्तारी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। प्रभावित क्षेत्र के रहवासियों ने जोन अध्यक्ष निशा-देवेन्द्र यादव से इसकी शिकायत की है। जन शिकायत के बाद जोन अध्यक्ष ने पानी की समस्या दूर करने प्रभावित इलाकों में टैंकर की व्यवस्था कराई है। दरअसल, मोतीबाग की नई पानी टंकी से शहीद पंकज विक्रम वार्ड के आधा दर्जन रहवासी कालोनियों में जल आपूर्ति की जाती है, पर एक सप्ताह से लोगों के घरों में लगाये गये नल से पानी की धार पतली आने से रहवासियों को पेयजल की समस्या हो रही है। शिकायत के बाद भी जोन 4 के अधिकारी पेयजल व्यवस्था सुधार नहीं पाए हैं।



सूत्रों के मुताबिक मोतीबाग की नई पानी टंकी के वाल्व में खराबी आने से यह स्थिति निर्मित हुई है। इसी तरह पुरानी बस्ती, कुशालपुर क्षेत्र में भी पानी की समस्या अब तक दूर नहीं हो पाई।

## पेज 11 के शेष ...

### देश से मानसून की...

ज्यादा संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के प्रभाव से राज्य के दक्षिण यानी बस्तर और मध्य इलाके में अगले दो दिन बारिश की संभावना बनी हुई है। इसके बाद नया सिस्टम बनने के संकेत नजर आ रहे हैं। मानसून की वापसी भले ही देश से शुरू हो गई है, मगर प्रदेश में अभी वर्षा होगी मगर सात दिन में बारिश कई जिलों को संकट से उबारने के लायक नहीं होगी। विशेषज्ञों का कहना है कि अभी अरब सागर के बजाए बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है, जो व्यापक बारिश के लायक नहीं होती। राज्य में बेमेतरा, सरगुजा, दुर्ग, जशपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले ऐसे हैं, जहां सीजन के सात दिन में होने वाली अच्छी खासी बारिश भी औसत का कोटा पूरा नहीं कर पाएगी। इसके अलावा रायपुर समेत सात जिले भले ही सामान्य वर्षा की श्रेणी में आ गए हैं, मगर यहां भी कोटा पूरा होने की गुंजाइश नहीं है।

### संपत्तिकर वसूली की...

एवं डिजिटल डोर नंबर लगाया जा रहा है। यह काम पूरा होने के बाद अगले साल से नए सिरे से करों की वसूली शुरू होगी। दूसरी ओर इस सिस्टम को लागू करने में लापरवाही करने वाले चार नगरीय निकायों को राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने कड़ा नोटिस जारी कर इसे गंभीर एवं आपत्तिजनक माना है। ***ये अत्यंत गंभीर एवं आपत्ति जनक :*** चारों निकायों के इस काम में लापरवाही को सूडा ने अत्यंत गंभीर एवं आपत्तिजनक माना है। कहा गया है कि निकायों ने इस योजना के कार्यों में रुचि नहीं ली इसलिए ये स्थिति निर्मित हुई है। निकायों से कहा गया है कि ये स्पष्ट करें कि आपके द्वारा इस प्रकार का कृत्य क्यों किया गया? आपका ये कृत्य अनुशासनहीनता तथा कर्तव्य की उपेक्षा की परिधि में आता है।

इस संबंध में 7 दिनों में जवाब मांगा गया है। उचित जवाब न मिलने पर एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करने की बात कही गई है। ***तीन निगमों, सभी पालिकाओं को ये निर्देश :*** सूडा ने नगर निगम बीरगांव, धमतरी, भिलाई-चरोदा के आयुक्तों और सभी नगर पालिका परिषदों के सीएमओ को इसी संबंध में एक अलग निर्देश में कहा है कि इस परियोजना की महत्ता को देखते हुए जीआईएस आधारित डोर-टू डोर सर्वे डाटा के आधार पर तैयार संपत्तिकर डिमांड को निकाय में संधारित संपत्तिकर डिमांड से मिलान कर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए संपत्तिकर संग्रहण का काम करें।

### इन निकायों को...

नगर पालिका परिषद कोंडागांव, भाटापारा, मनेंद्रगढ़ और गोबरा नवापारा ने इस काम में लापरवाही की है। सूडा ने इन निकायों को कारण बताओ नोटिस जारी कर कहा है कि वर्ष 2024-25 में नवीन डिमांड के माध्यम से संपत्तिकर की वसूली किया जाना है, लेकिन अब तक इन निकायों ने डोर टू डोर सर्वे, डाटा की गुणवत्ता का परीक्षण नहीं किया है इसके साथ ही प्रगति रिपोर्ट एवं सर्वे का गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट सूडा को उपलब्ध नहीं कराया है।

### ड्रग पैडलर प्रोफेसर का...

जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक ड्रग बेचने के आरोप में संतोषी नगर निवासी शुभम सोनी, नेहरू नगर निवासी अभिषेक साहू उर्फ चीनी तथा गुढ़ियारी निवासी लोकेश अग्रवाल उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया गया है। सोनू पर शुभम को पिस्टल तथा जिंदा कारतूस उपलब्ध कराने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार पूर्व में ड्रग बेचने के आरोप में गिरफ्तार आयुष के सहयोगी के रूप में शुभम ड्रह बेचने का काम करता था। आयुष के पकड़े जाने पर शुभम अपना खुद का नेटवर्क तैयार कर अभिषेक को अपने साथ मिलाकर ड्रग बेचने का काम कर रहा था।

### नरैया तालाब के...

वार्ड के सिद्धार्थ चौक टिकरापारा क्षेत्र स्थित नरैया तालाब के सौंदर्यीकरण के बाद अब उसे सुंदर दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित करने प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 6 के अधिकारियों को निर्देशित कर इस संबंध में टेंडर आमंत्रित करने निर्देशित किया है। जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल ने हरिभूमि को बताया कि नरैया तालाब और उससे लगे 2 अन्य तालाबों का सौंदर्यीकरण कर तालाब के चारों ओर बच्चों के लिए टॉय ट्रेन चलाई जाएगी।

सुबह और शाम आसपास के लोग यहां सेहतमंदी के लिए पहुंचते हैं। इनमें से कई लोग योगाभ्यास करने आते हैं, इनकी सुविधा के लिए योग करने पक्के शेड बनाया जाएगा। जंपिंग वंपिंग जोन, जुंबा डांस सहित अन्य तरह की मल्टीएक्टिविटी भी इसमें शामिल रहेगी। तालाब के चारों ओर को सुंदर बनाने सौंदर्यीकरण करने प्लांटेशन करने और प्रकाश व्यवस्था ठीक करने नई लाइटें लगाई जायेंगी। निगम मुख्यालय से इसकी स्वीकृति मिल गई है। अधोसंरचना मद में 1 करोड़ की राशि इस कार्य में खर्च होगी।

**आम सूचना**

**(रायपुर विकास प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक - 4 कमल विहार, मौजा देवपुरी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित सेक्टर-8 ए के अंतर्गत भूखण्ड के संबंध में)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर की नगर विकास योजना क्रमांक- 04 (कमल विहार), सेक्टर-8 ए अंतर्गत राजेश झाबक पिता श्री पारस चंद झाबक, निवासी ब्लॉक - बी, फ्लैट नंबर 401, पचपेड़ी नाका, सूर्या विहार अपार्टमेंट के बगल में, तिरुपति - अपार्टमेंट, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक ए - 134 कुल क्षेत्रफल 773 वर्गफुट याने 71.875 वर्गमीटर है, जो कि मौजा देवपुरी, प.ह.नं. 114/52, रा. नि. मं. रायपुर - 1, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के खसरा नंबर 386 के भाग पर स्थित है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि अदा कर विक्रय अनुबंध का निष्पादन अपने पक्ष में करा चुके है। अब केवल सौदे की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या निकाय इत्यादि को उक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वत्व आधिपत्य या अंतरण के संबंध में कोई आपत्ति या दावा हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर सुसंगत दस्तावेजों सहित लिखित में प्रस्तुत करें। समयावधि उपरांत उक्त भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा करवा लिया जावेगा तदोपरांत की गई कोई भी आपत्ति या दावा अवैध एवं शून्य माना जावेगा। तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 23.09.2024

**भवदीय**
**शब्बीर भारमल (कपासी),**
**मोईज़ भारमल, अधिवक्तागण, 7, पुष्पक अपार्टमेंट, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)**
**मोबाईल नं. 9827150152, 96912-34252**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भ:- जिला- रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00061 मठपुरैना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202324440722500569**

**// ईश्तहार //**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00061 के अंतर्गत ग्राम मठपुरैना के वर्तमान भूमिस्वामी राजेश्वरी विश्वकर्मा पिता/पति-सुभाष विश्वकर्मा पता-आर.डी.ए. कालोनी बोरियाखुर्द के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 325/213 (0.0052) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता शिव शंकर दुबे पिता/पति-श्री रामशंकर दुबे पता-बैरन बाजार रायपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07/10/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
**Prakash Soni**
**अतिरिक्त तहसीलदार,रायपुर**

**Court Of District and Session Judge Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court, Balaghat Presiding Officer: सुधीर सिंह ठाकुर**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (MACC/0000001/2024)**

खुशबू वली पिता हसनलाल खोब्रागके ..वादी
**Vs**
फिरोज खान, ...प्रतिवादी
Process Id- /2024
पेशी दिनांक :- 07/11/2024

**प्रेषिती-**
सरस्वती यादव पति राजकुमार यादव पता- निवासी बसंत विहार कालोनी गोंदवारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़

यह कि प्रार्थी खुशबू वली पिता हसनलाल खोब्रागढ़े ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 14 September 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

मुहर
**सुधीर सिंह ठाकुर**
**सदस्य, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण वारासिवनी, जिला बालाघाट (म.प्र.)**

**आम सूचना**

**मौजा बीरगांव प.ह.नं. 29/88, रा.नि.म. रायपुर-17, तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. ) में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 287/478 रकबा 0.0120 हे. अर्थात 1250 वर्गफुट के सबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अहमद बेग पिता स्व. करामत बेग निवासी-140, दुर्गा मंदिर के पास, गाजी नगर, बीरगांव, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता इब्बाल अली पिता बसारत अली निवासी अश्वनी नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के हक, कब्जे एवं स्वामित्व का परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 287/478 रकबा 0.0120 हे. अर्थात 1250 वर्गफुट भूमि है, जो कि मौजा ग्राम बीरगांव, दुर्गा नगर, प.ह.नं. 29/88, रा.नि.मं. रायपुर-17, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, को क्रय करने का सौदा पक्का कर लिया है, तथा विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन किया जाना शेष है।

यह कि उपरोक्त क्रय विक्रय पर यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, प्राधिकरण निगम, केन्द्र शासन, राज्य शासन, साहूकार आदि को कोई आपत्ति हो तो यह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें। समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से की गई आपत्ति / खंडन स्वीकार योग्य नहीं होगी। निर्धारित समयावधि पश्चात विक्रयपत्र की लिखा-पढ़ी एवं रजिस्ट्री करा ली जावेगी उस दशा में प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

अत: ताकीद जाने ।
रायपुर
दिनांक 23.09.2024

**भवदीय**
**ओ.पी.देवांगन**
**अधिवक्ता**
**भारत माता वार्ड क्रमांक-30**
**दुर्गा चौक, गाजी नगर बीरगांव रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.-83494 42999, 9827916331**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18**
**तहसील व जिला- रायपुर**
**-:: आम सूचना ::-**
**जारी दिनांक 23.09.2024**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम माना प.ह.नं. 80 रा.नि.मं.-रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक पूजा जैन पति विनोद जैन नि. जैनम विहार लालपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1699/4 का भाग 1703 का भाग रकबा 0.102 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय में अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. अ-12 वर्ष-2023/24 आदेश दिनांक 17/09/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 01/10/2024 को समय 1.00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सो सूचना जानें।**
**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-18**

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 24 सितंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



नवरात्रि के प्रथम दिवस से ही प्रारंभ...


## सिटी इवेंट

### विद्यार्थी, युवा, महिलाएं बन सकते हैं स्वयंसेवी शिक्षक



**रायपुर।** प्रौढ़ शिक्षा के स्थान पर अब इसका नाम सबके लिए शिक्षा रखा गया है। इस कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को शामिल किए जाने का लक्ष्य है। इससे संबंधित योजना बनाने के लिए अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक रखी गई। इसमें एक लाख स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन करन असाक्षरों को साक्षर बनाने लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना से स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में कोई भी व्यक्ति जुड़ सकता है। युवा, गृहणी, स्कूल अथवा कॉलेज के छात्र भी स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में अपना पंजीयन करा सकते हैं। उल्लास साक्षर केन्द्रों का वर्चुअल शुभारंभ कर दिया गया है।

#### नवाचारी तरीकों से होगी पढ़ाई

उल्लास केन्द्रों में शिक्षार्थियों की 100 प्रतिशत उपस्थित, नवाचारी गतिविधियों से अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है। प्रौढ़ों को लिखना-पढ़ना सीखाने के लिए नवाचारी माध्यमों की सहायता ली जा रही है ताकि वे आसानी के साथ अधिक से अधिक चीजें सीख सकें। उल्लास साक्षरता केन्द्रों के लिए शासकीय भवनों का उपयोग किया जाएगा। बुनयादी शिक्षा के अलावा जीवन कौशल, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, मतदान साक्षरता व स्वास्थ्य, स्वच्छता, व्यावसायिक कौशल जैसी चीजें भी इसमें शामिल रहेंगी।

## कैंपस इवेंट

### सामान्य बच्चों को सिखाई साइन लैंग्वेज, किया संवाद



**रायपुर।** वर्ल्ड साइन लैंग्वेज डे के उपलक्ष्य में कोपलवाणी स्पेशल स्कूल में मूक-बधिर सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इसमें प्रथम दिन दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों एवं टीचर्स को सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण दिया गया। कोपलवाणी से 50 दिव्यांग बच्चे इसमें शामिल हुए। दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चे और स्पेशल किड्स ने मिलकर साइन लैंग्वेज सीखा और सिखाया। अंततः सामान्य बच्चों और स्पेशल चाइल्ड में अंतर कर पाना मुश्किल हो गया, जब सभी साइन लैंग्वेज में एक-दूसरे से बात कर रहे थे।

#### अपने लिखे स्लोगन संग निकालेंगे रैली

यह कार्यक्रम जागरूकता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वर्ष किया जाता है, जिसमें कॉलेज और विद्यालय स्तर पर छात्रों को साइन लैंग्वेज की जानकारी दी जाती है। इसके अलावा पुलिस स्टेशन में पुलिस वालों को, डॉक्टर, एडवोकेट एवं एनजीओ के लोगों को साइन लैंग्वेज का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे स्पेशल बच्चों को कभी भी कोई परेशानी होने पर उनकी बात समझ सकें। बधिर सप्ताह के अंत में बच्चों द्वारा बनाए स्लोगन को लेकर एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली डंगनिया स्पेशल स्कूल से एनआईटी होते हुए वापस आएगी।

## लाइव इवेंट

### बांस से तैयार किए चायपत्ती सौंदर्य उत्पाद, मिले टिप्स



**रायपुर।** प्रकृति की ओर नामक संस्था और छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा द्वारा एक दिवसीय निशुल्क बागवानी कार्यशाला का आयोजन पंजाब केसरी भवन जोरा में किया गया। विशेष अतिथि सुदेश नामदेव रहे। वे प्रगतिशील बांस किसान हैं, जो विगत 12-15 वर्षों से बांस का उत्पादन कर रहे हैं। बांस से चायपत्ती, सौंदर्य प्रसाधन आदि तैयार कर रहे हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, हमने अपने पर्यावरण को अपने ही हाथों बिगाड़ लिया है। विशेष वक्ता बागवानी विशेषज्ञ आरती साठे ने कहा, ऑर्गेनिक या प्राकृतिक कृषि का द्वंद छोड़कर अब हमें पर्यावरण को समग्र रूप से देखना शुरू करना होगा। मुख्य अतिथि कृषि विवि के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, प्रकृति की ओर सोसायटी के अध्यक्ष मोहन वल्र्यानी सहित अन्य उपस्थित रहे।

#### पहुंचे 300 से अधिक बागवानी प्रेमी

आईआईटी, गुवाहाटी के दीपक सार्वा ने 8 वर्ष पूर्व मल्टीनेशनल कंपनी की नौकरी छोड़कर गांव की दिशा पकड़ी। उन्होंने कहा, आज यदि हमने अपना व्यवहार नहीं सुधारा तो मानवता को बचाना असंभव दिखाई पड़ता है। स्टील युग के बाद हम प्लास्टिक युग में जी रहे हैं। यदि जीवन की दशा सुधारनी है तो दिशा सुधारनी होगी। छग पंजाबी सनातन सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना ने विश्वकल्याण के कार्यक्रमों में समाज की भूमिका पर सदैव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में 300 से अधिक बगवानी प्रेमियों में भाग लिया। सभी को फल,फूल एवं सब्जियों के पौधे उपहार स्वरूप दिए गए।

---

**राजधानी के विभिन्न वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों ने साझा की पीड़ा**

# जिन औलादों ने वृद्धाश्रम का रास्ता दिखाया, उनसे पितृ पक्ष में भी तर्पण की आस नहीं, हम कर रहे पितरों को याद

जिन औलादों ने सेवा के समय हमें वृद्धाश्रम का रास्ता दिखा दिया, उनसे मरने के बाद पितर पक्ष में तर्पण की आस नहीं है। हम अपने पितरों को वृद्धाश्रम में रहते हुए भी याद करते हैं। आश्रम में रहने वाले कई बुजुर्गों ने समय रहते पितरों को गया में अपने पितरों का तर्पण कर दिया। कई बुजुर्गों ने पहले ही पिंडदान करवा दिया। जो लोग ऐसा नहीं कर पाए हैं, वे जीते जी मोक्ष के लिए सद्कर्म करते हुए पितरों को तर्पण करते हुए तिथि के दिन श्रद्धा सुमन अर्पित करने की बात करते हैं। इस तरह का भाव लिए जाने कितने ही बुजुर्ग वृद्धाश्रमों में एक-एक दिन बिता रहे हैं।

**रायपुर।** शहर में कई ऐसी सामाजिक संस्थाएं हैं, जो बेसहारा बुजुर्ग माता-पिता की सेवा के लिए वृद्धाश्रमों का संचालन भी करती हैं। माना में स्व.कुलदीप निगम स्मृति वृद्धाश्रम का संचालन छत्तीसगढ़ बाल-वृद्ध कल्याण परिषद द्वारा विगत 35 साल से किया जाता है। इसके सचिव विमल घोषाल ने बताया कि अभी वृद्धाश्रम में रहने वाले 14 में से 5 बुजुर्ग ऐसे हैं, जो पितर पक्ष में अपने पितरों को तर्पण करते हैं। कई संस्थाओं द्वारा पितर पक्ष में भंडारा भी किया जाता है। इसी तरह टिकरापारा के चितवन वृद्धाश्रम में प्रशांत पांडेय युवाओं की टीम के साथ तालमेल बनाकर वर्षों से बेसहारा बुजुर्गों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई ऐसे बुजुर्ग माता-पिता हैं, जो पितर पक्ष में अपने पितरों को जल अर्पित करने की परंपरा निभाते हैं। इनसे मिलने के लिए अक्सर अलग-अलग परिवार के लोग आते हैं।



### कोविड में ही किया किनारा



*वृद्धाश्रम में जेठु देवांगन पत्नी उर्मिला के साथ विगत 4 साल से रहते हैं। उन्होंने बताया कि अमलीडीह क्षेत्र में दो बेटे और बहू रहते हैं। चार साल पहले कोविड के समय किराए के मकान में रहने पर समस्या होने लगी, तो बेटों ने वृद्धाश्रम में छोड़ दिया। उसके बाद से वे मिलने के लिए तो कभी-कभी आते हैं, लेकिन साथ में रखने को तैयार नहीं हैं। इसे देखते हुए हमने भी उनसे सहारे की आस छोड़ दी। हम अपने पितरों को तर्पण करते हैं, साथ ही उम्मीद भी करते हैं मरने के बाद मेरे बेटे-बहू पारंपरिक नियमों का निर्वहन करके पानी देंगे।*

### आत्मा की शांति के लिए भोज-भंडारा

*शहर के आउटर क्षेत्र माना में विगत 35 साल से संचालित वृद्धाश्रम के प्रमुख सदस्य राजेन्द्र निगम ने बताया कि वृद्धाश्रम में रहने वाले मनोहर लाल शुक्ला, संदीप श्रीवास्तव, मंजू कर्मकार एवं सोना बाई पितृ पक्ष में अपने पितरों को तर्पण देते हैं। यहां उनकी सेवा के लिए हमने कर्मचारी भी तय किए हैं, जो उनके लिए खाना पकाने, कपड़ा धोने और केयर टेकर के रूप में सेवा देते हैं। पितर पक्ष के अंतिम तिथि में अभी तक खत्म हुए 35 बुजुर्गों की आत्मा की शांति के लिए हर साल भोज-भंडारे का भी आयोजन करके परंपरा निभाते हैं।*

### मृत्यु पश्चात गया में तर्पण का संकल्प लिया है दूसरे परिवार ने



वृद्धाश्रम में रहने वाली लता गडकरी बताती हैं कि रायपुर व दुर्ग में ही जीवन बीता। इस दुनिया में मेरी कोई औलाद नहीं है। मैं जब शरीर से सक्षम थी, तभी अपने पितरों को गया पहुंचाते हुए अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली है। अब मेरी मृत्यु के बाद मुझे गया पहुंचाने का संकल्प एक ब्राह्मण परिवार ने लिया है। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में रहते हुए कभी ऐसा नहीं लगा कि मै बेसहारा हूं। यहां रहने वालों को खाने और बीमार होने पर इलाज की सुविधा मिलती है। जैसे लोग औलाद से सेवा की उम्मीद करते हैं, वैसी सेवा देने कई बेटे-बहू मिलने आते हैं।

### पितरों को तर्पण, लेकिन औलाद से इसकी उम्मीद नहीं



कैलाश त्रिपाठी बताते हैं कि 1972 में इलाहाबाद से आने के बाद रायपुर की प्राइवेट कंपनियों में काम करके जिन औलादों को पढ़ाया व उन्हें काबिल बनाया, उन्होंने ही समय आने पर मुझसे किनारा कर लिया। कहने को भाई-रिश्तेदार सब हैं, लेकिन कोई सहारा देने तैयार नहीं है। चार साल पहले जब शरीर ने साथ छोड़ दिया तो लोगों ने वृद्धाश्रम में पहुंचा दिया। अपने पितरों को तर्पण करता हूं, लेकिन अपनी औलाद से इसकी उम्मीद नहीं करता हूं। जिन्होंने जीते जी मुझसे किनारा कर लिया, वे मरने के बाद तर्पण करेंगे, मुझे भरोसा नहीं।

---

## एसिटिक फूड बीमारी की जड़, अच्छे भोजन संग सकारात्मक सोच से मिलेगा अधिक लाभ

**रायपुर।** आज के भागमभाग भरे जीवन में स्वस्थ जीवन महत्वपूर्ण चुनौती है। इसे किस तरह स्वीकार किया जाए, यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। यह कहना है, न्यूट्रिशन एवं डॉ.हेमचंद विवि दुर्ग की पूर्व कुलपति डॉ.अरुण पलटा का। वे महंत महाविद्यालय में पोषण माह के अवसर पर स्वस्थ आहार और स्वस्थ जीवन पर आयोजित एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी में शामिल हुईं। उनके द्वारा स्वस्थ आहार और स्वस्थ जीवन पर आयोजित सेमिनार में उपयोगी टिप्स दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी मनुष्य के स्वस्थ रहने के तीन आवश्यक पिलर हैं- इसमें सकारात्मक सोच, तनावमुक्त जीवन और अच्छा खानपान शामिल है। एसिटिक भोजन बीमारी की जड़ है। इससे बचना चाहिए। एक्सरसाइज, अच्छी नींद और सकारात्मक सोच व्यक्ति को समस्त बीमारियों से दूर रख सकते हैं। निरोगी रहने के लिए हर व्यक्तियों को इन तीन पिलर को अपनाना चाहिए। जैसा तन वैसा मन, इसलिए फिजिकल, मेंटल और सोशल हेल्थ एक आम व्यक्ति के जीवन को निरोगी बनाए रख सकते हैं। निरंतर इनका पालन करना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.देवाशीष मुखर्जी, वरिष्ठ शिक्षक ललित मोहन वर्मा सहित प्राध्यापक व सभी विभागों के छात्र सम्मिलित हुए।



### छात्रों ने बनाया मैनेजमेंट क्लब

महाविद्यालय द्वारा कई तरह के क्लब का भी गठन किया गया। वाणिज्य परिषद और मैनेजमेंट क्लब छात्रों द्वारा बनाए गए। इसके माध्यम से वाणिज्य और मैनेजमेंट संबंधित छात्रों की समस्याएं दूर करने की कोशिश की जाएगी। इसके अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर छात्रो की नियुक्ति की गई।

### कोविड ने सिखाई स्वास्थ्य की महत्ता

प्राचार्य डॉ.देवाशीष मुखर्जी ने कहा, वैश्विक महामारी के दौर में स्वास्थ्य एक ज्वलंत विषय रहा। जिन लोगों के पास स्वस्थ रहने के विकल्प थे और जिन्होंने नियमों का पालन किया, उन्हें बीमारियों ने अधिक प्रभावित नहीं किया। कोविड काल में लोगों को सेहतमंद जीवन की महत्ता समझ आई। सेमिनार में शामिल लगभग 500 विद्यार्थियों ने सेहत संबंधित विषयों पर अपनी जिज्ञासा शांत की।

## कोलकाता विवि ने हासिल की एचएनएलयू मूट कोर्ट ट्रॉफी



**रायपुर।** हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विवि में राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सहयोग से आयोजित की गई थी। मूट कोर्ट प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालयों की 20 टीमों ने भारी भागीदारी की। एमिटी यूनिवर्सिटी, कोलकाता ने ट्रॉफी जीती, और चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को उपविजेता घोषित किया गया। गवर्मेंट न्यू लॉ कॉलेज इंदौर ने प्रतिवाद के लिए सर्वश्रेष्ठ स्मारक पुरस्कार जीता। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जोधपुर ने याचिकाकर्ताओं के लिए सर्वश्रेष्ठ स्मारक पुरस्कार प्राप्त किया। कोलकाता विवि के अदित्य भुर्रा और चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी पटना के ओजल मौर्य ने सर्वश्रेष्ठ वक्ता पुरस्कार जीते। कीर्तना बशिष्ठा ने सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता पुरस्कार जीता। मुख्य अतिथि के रूप में आईआईएएलएम के प्रो-कुलपति डॉ.रणबीर सिंह शामिल रहे। उनके साथ एचएनएलयू के कुलपति प्रो.वीसी विवेकानंदन भी उपस्थित रहे। न्यायमूर्ति जी.रघुराम, आईआईटी खड़गपुर से डॉ. उदय शंकर और मणु एसोसिएट्स के पेटेंट एवं ट्रेडमार्क अटॉर्नी मुरलीधरन आर. भी शामिल हुए। उन्होंने प्रतियोगिता के अंतिम राउंड का मूल्यांकन किया।

---

**शीशम व जंगल वुड से तैयार किए आकर्षक खिलौने व सजावटी वस्तुएं**

# लौट रहा बीता जमाना, प्लास्टिक की जगह अब लकड़ी के खिलौने का इस्तेमाल, ताकि बच्चों की सेहत पर ना पड़े दुष्प्रभाव

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** अपने राज्यों की परंपरा व संस्कृति की झलक कलाकारों द्वारा खिलौने के माध्यम से दर्शाया जा रही है। परंपराओं को कला के माध्यम से लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। दशकों पहले जिन लकड़ी के खिलौने का चलन बाजारों में था, वे वर्तमान में कहीं ना कहीं समाप्त होते जा रहा है। इसे जीवंत रखने का कार्य कुछ कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। वे बिना किसी प्लास्टिक का उपयोग किए लकड़ी से खिलौने व सजावटी वस्तुएं तैयार कर रहे हैं। जो बच्चों के साथ-साथ बड़ों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह नजारा ग्रास मेमोरियल ग्राउंड में स्वदेशी खादी महोत्सव के अंतर्गत नजर आ रहा है। यहां कपड़े, श्रृंगार व अन्य वस्तुओं के अलावा लकड़ी से तैयार वस्तुएं भी मौजूद हैं। इसे विभिन्न राज्यों के ग्रामीण व्यक्तियों द्वारा तैयार किया गया है। दुकान में मौजूद छोटी व बड़ी वस्तुएं लकड़ी की सहायता से हाथों से तैयार की गई है। कारीगरों का कहना है कि यह कार्य पीढ़ियों से निरंतर चलता आ रहा है, जिसमें परिवार का हर एक व्यक्ति यह कार्य करता है।



### बचपन के खिलौने देखकर बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान

जिन खिलौनों को बचपन में खेलकर बड़े हुए, उन खिलौनों को शहर में वापस देखकर बुजुर्गों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वे हर खिलौनें को नाम से पहचान कर अपने नाती-पोते को बताते नजर आए। खादी महोत्सव में दो स्टॉल लकड़ी के खिलौनों का भी लगाया गया है। जिसमें केवल लकड़ी से निर्मित वस्तुओं को सजाया है। महोत्सव के दौरान बच्चों संग बुजुर्ग व माता-पिता भी खरीदारी के लिए शामिल हुए, जो अपने बचपन के खिलौने वापस पाकर खुश नजर आए।

### लकड़ी के गुल्लक की अनोखी चाबी



सहारनपुर निवासी अजय मिश्रा ने खिलौने व सजावटी वस्तुओं की दुकान सजाई है। उनका परिवार पीढ़ियों से लकड़ियों को आकार देने का कार्य कर रहा है। स्टॉल में आकर्षक ग्रामोफोन मौजूद है, जिसकी कीमत 700 रुपए है। यह सजावटी वस्तुओं में शामिल है, जिसे शीशम की लकड़ियों से तैयार किया गया है। इस ग्रामोफोन को तैयार करने में 2-4 दिनों का वक्त लगा। स्टॉल में लकड़ी का गुल्लक शामिल है, जिसका अनोखा ताला खरीदारों को आकर्षित कर रहा है। गुल्लक को डिजाइनर लुक दिया गया है।

### खिलौने की जरिए सीखा रहे गणित

मैसूर स्थित एक छोटे से गांव के निवासी रंजीत कुमार द्वारा स्टॉल सजाया गया है। यहां 200 से अधिक लकड़ी के डिजाइनर खिलौने व सजावटी वस्तुएं मौजूद हैं। जंगल वुड व शीशम की लकड़ियों को आकार देकर खिलौने तैयार किए गए हैं। इसे हर्बल रंगों से सजाया गया है, ताकि बच्चे इसे मुंह में ले जाए तब भी नुकसान ना हो। दुकान में सबसे महंगा खिलौना लकड़ी की बंदूक है, जिसकी कीमत 1600 रुपए है। गणित में 0-9 तक के अंक को खिलौना बनाया गया, जिसे ट्रेन के डिब्बों की आकृति दी गई। इसकी कीमत 1100 रुपए है। इसे तैयार करने में मैग्नेट का प्रयोग किया गया है। दुकान में मछली, गिलहरी जैसे जीवों की आकृति में सजावटी वस्तुएं भी तैयार की गई है। पहली झलक में देखने पर यह जीवंत अवस्था में नजर आता है।

## कैंपस लाइव

# कॉलेज खत्म होने से पहले छात्र तय करें अपना कॅरियर



**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में सोमवार को नेशनल वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने स्टूडेंट्स को स्नातक के बाद कॅरियर बनाने को लेकर जानकारी दी। वर्कशॉप में मुख्य वक्ता के रूप में मुंबई एजूकेशनल ट्रस्ट के अनिरूद्ध शुक्ला शामिल हुए। कार्यशाला में छात्रों को नौकरी व बाजार की जानकारी प्रदान की गई। वक्ता ने छात्रों को बदलते उद्योग रुझानों के अनुकूल खुद को तैयार करने पर जोर दिया। नए स्नातकों के लिए उपलब्ध विभिन्न कॅरियर अवसरों पर प्रकाश डाला। विषय चयन के आधार पर छात्रों को कॅरियर विकल्प बताए गए।

### पूछे गए स्टार्टअप से जुड़े सवाल

वर्कशॉप बीकॉम, बीबीए, बीएससी, बीसीए एवं बीवॉक के छात्रों के लिए रखी गई। इस दौरान ज्यादातर छात्रों ने स्टार्टअप को लेकर सवाल पूछे। व्यवसाय में सफल होने और नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा स्नातक के बाद कॅरियर के अवसर और इंटरव्यू स्किल समझाए गए। विशेषज्ञों ने छात्रों से कहा, फाइनल ईयर तक आपको कॅरियर संबंधित रूचिनुसार आवश्यक जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए। साथ ही भविष्य में किस क्षेत्र में आगे जाना चाहते हैं, उसका निर्धारण तुरंत करें। चेयरमैन राजेश अग्रवाल, प्राचार्य डॉ.एमएस मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## धर्म लाइव

# कथा का लाभ लेने के लिए प्रसंग में ध्यान होना जरुरी



**रायपुर।** महामाया मंदिर परिसर में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कथा वाचक आचार्य युवराज पांडे द्वारा शिव महापुराण कथा का वाचन किया गया। कथा के पांचवें दिन आराध्य देवों भगवान शिव व भगवान विष्णु की कथा सुनाई गई। उन्होंने कहा,भगवान शिव जब भी ध्यान करते वह भगवान विष्णु को आराध्य देव की तरह पूजते। जब भोलेनाथ का विवाह माता सती के साथ हुआ, तब भोलेनाथ ने माता सती के साथ राम कथा सुनने की इच्छा जाहिर की और माता सती को लेकर कुंभज ऋषि के आश्रम पहुंचे। कथा के दौरान आचार्य युवराज ने कहा, व्यक्ति जब कथा सुनने जाए तो कथा में ध्यान लगाकर कथा सुनना जरुरी है। कथा में मन नहीं लगेगा तो उस कथा का कोई महत्व नहीं होगा।

### रोजाना 18 पुराणों का पाठ

महामाया मंदिर के पं. मनोज कुमार शुक्ला ने बताया, पहली बार मंदिर परिसर में 4 वेद, 6 शास्त्र और 18 पुराणों का पाठ एक साथ एक स्थल पर हो रहा है। प्रतिदिन भगवान महादेव के पार्थिव शिवलिंग का शिवाभिषेक किया जा रहा है। इसमें हरिहर अभिषेक, कैलाश मान सरोवर, अमरनाथ व विभिन्न तीर्थ से शामिल पवित्र जलों का प्रयोग किया जा रहा है। 21 विद्वान आचार्यों द्वारा रुद्र पाठ का जाप निरंतर जारी है। रोजाना मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ देखने को मिल रही है।

## सिटी इवेंट

# 21 दिनों में ही पूरी हो गई फिल्म पंडवानी पर फिल्माया गया गाना




**रायपुर।** प्रदेश के 22 सिनेमाघरों में 18 अक्टूबर को रिलीज हो रही छत्तीसगढ़ी फिल्म 'दस्तावेज' में दर्शकों को पंडवानी व महाभारत की झलक के साथ नगर पंचायत चुनाव व क्लर्क की नौकरी लगाने के नाम पर रिश्वतखोरी के खेल की झलक देखने को मिलेगी। यह भी दर्शकों को रूपहले पर्दे पर देखने को मिलने वाला है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए फिल्म के लेखक और निर्देशक सनी सिन्हा, प्रवीन, प्रमोटर मंगल मूर्ति ने बताया कि फिल्म के पहले हाफ में दर्शक जहां खूब हसेंगे, वहीं इंटरवेल के बाद खुद को रोने से नहीं रोक पाएंगे। फिल्म को 30 दिनों में पूरा करने वाले थे, लेकिन कलाकारों की मेहनत से 21 दिन में पूरा किया गया। 'दस्तावेज' एक सच्ची घटना पर आधारित कहानी है।

### नजर आएगा गांव का माहौल

फिल्म सरकारी काम से संबंधित दस्तावेज की उलझनें और उससे होने वाली तकलीफ को बयां करती है। इसकी शूटिंग कांकेर के नरहरपुर ब्लॉक से जुड़े आस-पास के गांवों में की गई है। इसमें 27 से 38 साल के युवा कलाकारों ने रचनात्मक किरदार निभाएं हैं। दस्तावेज का निर्माण करते हुए दर्शकों को संदेश देने का प्रयास किया गया है। गांव में पहले जैसे पंडवानी व महाभारत देखने-सुनने का माहौल हुआ करता था, उस संस्कृति की झलक इस फिल्म में देखने को मिलेगी। चेतन देवांगन ने एक गाना पंडवानी पर फिल्माया है।

## जानिए... शहर में कहां और कब होगा गरबा का आयोजन, फैमली के साथ फ्री एंट्री भी

# नवरात्रि के प्रथम दिवस से प्रारंभ हो जाएगा गरबा, इस बार पारंपरिक परिधानों में ही प्रवेश, कई जगह केवल फैमिली एंट्री



नवरात्रि के शुरु होते ही गरबा प्रेमी गरबा की तैयारियों में लग जाते है। प्रत्येक वर्ष शहर के विभिन्न स्थानों पर भव्य रुप से रास गरबा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी शहर में भव्य रुप से ये आयोजन किए जाएंगे। कई स्थानों पर नि:शुल्क एंट्री भी दी जाएगी। इसके लिए पहले से ही तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। संबंधित संस्थाओं द्वारा व्यवस्थाएं बनाने रखने आवश्यक बैठक ली जा रही है।



**रायपुर।** कई गरबा समितियों ने अपना पोस्टर लॉन्च भी कर दिया है। इस वर्ष नवरात्रि की शुरुआत 3 अक्टूबर से होगी। इसके पूर्व ही शहर के बाजार सज चुके हैं। गरबा के लिए स्पेशल डांस क्लासेज भी चल रही हैं। लोगों में गरबा के लिए क्रेज को देखते हुए समितियां भी अपने स्तर पर भव्य तैयारियां की रही हैं। अधिकतर समितियों ने इस बार तय किया है कि पारंपरिक परिधानों में ही लोगों को एंट्री दी जाएगी। किसी भी तरह की अव्यवस्था और विवाद से बचने के लिए कुछ जगहों पर सिर्फ फैमिली एंट्री की ही व्यवस्था की जा रही है।

### पंजाब सनातन सभा साउथ इंडियन थीम पर करेगा गरबा

पंजाब सनातन सभा द्वारा 6 अक्टूबर को भव्य रास गरबा व माता की चौकी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पंजाब सनातन सभा सदस्य के अलावा अन्य व्यक्ति भी शामिल हो सकते हैं। यह कार्यक्रम जोरा स्थित पंजाब केसरी भवन में शाम 7:30 बजे से किया जाएगा। रास गरबा के लिए साउथ इंडियन थीम तय किया गया है।

### महेश्वरी समाज का निशुल्क गरबा, प्रवेश केवल फैमिली को

महेश्वरी समाज द्वारा 7 से 11 अक्टूबर तक निशुल्क गरबा का आयोजन किया जा रहा है। प्रबंधक निलेश मुंद्रा ने बताया, कार्यक्रम में सभी समाज के सदस्य शामिल हो सकते हैं। इसमें केवल फैमली को प्रवेश दिया जाता है। कमल विहार स्थित महेश्वरी भवन में रात 8 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### चुने जाएंगे गरबा किंग व क्वीन

सुहिणा सिन्धी गरबा का आयोजन 5 अक्टूबर को किया जाएगा। शाम 7 बजे से आयोजित कार्यक्रम में गरबा किंग, गरबा क्वीन, बेस्ट ड्रेसअप, बेस्ट एक्सप्रेशन व बेस्ट ग्रुप का पुरस्कार भी वितरित किया जाएगा। यह वीआईपी चौक स्थित बेबीलॉन केपिटल में आयोजित किया जा रहा है।

### समता कॉलोनी रास गरबा : नवरात्रि के पहले दिन से ही निशुल्क गरबा

समता कॉलोनी रास गरबा समिति द्वारा 3 अक्टूबर से निशुल्क गरबा का आयोजन किया जा रहा। नवरात्रि के पहले दिन से ही यहां गरबा की शुरुआत हो जाएगी। शाम 7 बजे से यह अयोजन समता कॉलोनी स्थित भैंसथान मैदान में किया जाएगा। जहां गरबा के लिए पारंपरिक परिधान में एंट्री दी जाएगी।





### हरिभूमि रास गरबा : 9 से 11 अक्टूबर तक भव्य आयोजन

हरिभूमि रास गरबा 2024 का आयोजन 9 से 11 अक्टूबर तक किया जा रहा है। नवरात्रि से पूर्व 29 सिंतबर को शहर स्थित मैग्नेटो मॉल में ' रात्रि बिफोर नवरात्रि' गरबा व डांडिया क्लास ली जाएगी। वीआईपी रोड स्थित होटल ग्रैंड इंपीरिया में नवरात्रि के दौरान भव्य रास गरबा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पारंपरिक परिवेश में पास के साथ एंट्री दी जाएगी। तीन दिवसीय आयोजन में रोजाना सोने की अंगूठी व चांदी का सिक्का उपहार स्वरुप दिया जाएगा। उत्तम प्रस्तुति के लिए 50 प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### रास गरबा में आएगा 'वेस्ट डी ब्रदर्स बैंड'

*रोटरी क्लब ऑफ एलिगेंस, रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर, इनरविल क्लब ऑफ कॉस्मोपोलिटेन द्वारा संयुक्त रूप से रास गरबा का आयोजन किया जा रहा है। रास गरबा 5 अक्टूबर को रिंग रोड स्थित रोसबेय रिसॉर्ट में आयोजित किया जाएगा। जहां आकर्षण का केंद्र दिल्ली का वेस्ट डी ब्रदर्स बैंड रहेगा। जिनके द्वारा लाइव परफॉर्मेंस दी जाएगी। यहां शाम 6:30 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी।*

# जरूरी है 'यलो लाइन', स्कूल-कॉलेज के 100 मीटर का दायरा होगा तंबाकू मुक्त

**रायपुर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले के सभी शासकीय कार्यालय, निजी स्कूलों और ग्राम पंचायतों को तंबाकूमुक्त बनाने कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा प्रत्येक स्कूल में तंबाकू नियंत्रण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा और उसकी मॉनीटरिंग भी की जाएगी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर में स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक ली। जहां इस अभियान से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा, सभी सार्वजनिक स्थानों को तंबाकू मुक्त करने के लिए चालानी कार्रवाई भी की जाए। इसके अलावा शासकीय स्कूल एवं कॉलेजों के 100 गज के दायरे में यलो लाइन अभियान सुनिश्चित किया जाए।

**राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चलाया जाएगा अभियान**



### शासकीय विभागों को भी बनाएंगे तंबाकू मुक्त

*स्कूल-कॉलेज के अलावा सभी विभागों को तंबाकू मुक्त बनाने तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने बताया, जिले में शिक्षण संस्थान को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए कोटपा अधिनियम को सुचारु रूप से लागू किया जा रहा है। धारा 5 और 6 के अंतर्गत रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, सार्वजनिक स्थान सभी कार्यालय को धूम्रपान मुक्त किए समय-समय पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। जिला नोडल अधिकारी डॉ.प्रीति नारायन द्वारा एजेंडा के मुख्य बिंदु पर चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।*

## प्रयोगशाला तकनीशियन व मत्स्य निरीक्षक के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 29 सितंबर को प्रयोगशाला तकनीशियन और मत्स्य निरीक्षक के पदों पर भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा उच्च शिक्षा संचालनालय के अंतर्गत की जा रही है। इसी तरह से मत्स्य निरीक्षक पदों के लिए लिखित भर्ती परीक्षा मछली पालन विभाग के अंतर्गत की जा रही है। इन दोनों ही परीक्षाओं के लिए प्रवेशपत्र व्यापम ने सोमवार को जारी कर दिए है। अभ्यर्थी व्यापम एवं चिप्स की वेबसाइट पर जाकर प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।



# अपनी सुविधा के लिए धर्म का स्वरूप विकृत करना नई परिपाटी

**रायपुर।** हंसते-हंसते बांधे गए कर्म रोते-रोते भी नहीं छूटते। कर्म सत्ता का हिसाब आपको ही चुकाना है। एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में विराग मुनि ने ये बातें कही। मुनिश्री ने कहा कि जहां राग होता है, वहां ईर्ष्या भी होती है। जबकि, प्रेम-वात्सल्य में हमें सिर्फ सामने वाले के गुण नजर आते हैं। जीवन में वात्सल्य रहेगा तो गुण ही गुण दिखेंगे। जिन्हें अपनाकर आप अपना जीवन सुधार सकते हैं। राग रखेंगे तो जीवनभर ईर्ष्या की आग में जलेंगे। जीवन में समभाव होना बहुत जरूरी है। मतलब सुख में ज्यादा उत्साहित न होना और दुख में बहुत अधिक मायूस नहीं होना। कैसी भी परिस्थिति आए, सोचना कि यह समय भी निकल जाएगा।

### एक धर्म को 10 तरीके से मान रहे

*जीवन में बहुत से लोग मिलेंगे, जो आपको नीचा दिखाने की कोशिश करेंगे। ऐसे लोगों को महत्व न देते हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें, क्योंकि आपके पैर वही खींचेंगे, जो आपसे नीचे हैं। मुनिश्री ने कहा कि सौभाग्य से हमें मानव भव मिला। लोगों को पता नहीं कि धर्म कितना कीमती है। आज स्थिति ऐसी है कि एक ही धर्म को लोग 10 तरीके से मान रहे हैं। सुविधानुसार 10 तरह से धर्म क्रियाएं कर रहे हैं। न श्रद्धा दिखती है, न भाव। अपनी सुविधा के लिए धर्म का स्वरूप विकृत करना नई परिपाटी बन गई है। मुनिश्री ने कहा कि पहले लोग सपरिवार धर्म करते थे। आज घर से कोई एक व्यक्ति मंदिर चला जाए, काफी है। धर्म के नाम पर मंदिर में अटेंडेंस लगाई जा रही है। पिछले 10 सालों मे ये कल्चर तेजी से बढ़ा है।*

## कृषि विवि का स्थापना दिवस : राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पहले बैच के छात्रों को मिले टिप्स

**कार्नर न्यूज**

# शिक्षा केवल डिग्री व नौकरी देने का साधन नहीं नई नीति गुरू-शिष्य परंपरा से जोड़ने की पहल

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विवि में सोमवार से नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए पांच दिवसीय दीक्षा आरंभ की शुरुआत हुई। इस दौरान सत्र 2024-25 में नव प्रवेशित स्नातक पाठ्यक्रम के छात्रों को नवीन शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि पत्रकारिता विवि के कुलपति डॉ. बलदेव भाई शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता के कई वर्ष बाद नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू कर विद्यार्थियों को गुरू-शिष्य परंपरा से जोड़ने की पहल की गई है। शिक्षा केवल डिग्री और नौकरी देने का साधन नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास का माध्यम है। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा, विवि में वर्तमान शिक्षा सत्र से नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया गया है। इसी के अनुरूप पाठ्यक्रमों तथा अध्ययन प्रणाली को विकसित किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित अन्य बिंदुओं पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।



### विशेषज्ञ देंगे व्यक्तित्व विकास के टिप्स

*नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रेरण कार्यक्रम दीक्षा आरंभ के दौरान विद्यार्थियों को उनके द्वारा पढ़े जाने वाले पाठ्यक्रम, कोर्स क्रेडिट प्रणाली, सूचना प्रणाली, परीक्षा प्रणाली, छात्रवृत्ति, हॉस्टल सुविधा, लाइब्रेरी सुविधा, कृषि अनुसंधान एवं विस्तार कार्य, व्यक्तित्व विकास, उद्यमिता विकास आदि के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को विभिन्न विभाग, प्रयोगशाला, लाइब्रेरी तथा अनुसंधान प्रक्षेत्र का भ्रमण भी करवाया जाएगा।*



### एनएसएस के लिए अब 13 लाख की जगह मिलेंगे 50 लाख

विवि के कृषक सभागार में शाम को राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्यस्तरीय स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य इकाई को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए 50 लाख रुपए की मंजूरी की घोषणा की। उन्होंने कहा, राज्य इकाई के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए 13 लाख रूपए की राशि दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर 50 लाख रूपए किया जा रहा है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के सचिव प्रसन्ना आर, उच्च शिक्षा विभाग आयुक्त जनक प्रसाद पाठक, राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी भी उपस्थित रहीं।

### प्रदेश में 7 से 8 लाख युवा वालेंटियर तैयार

एनएसएस में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवा स्वयंसेवियों, कार्यक्रम अधिकारियों और संस्थाओं को सम्मानित किया। एनएसएस की पत्रिका 'समर्पण' का विमोचन भी हुआ। उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से प्रदेश में 7 से 8 लाख युवा वालेंटियर तैयार किए गए हैं। वे रचनात्मक कार्यों में योगदान दे रहे हैं।

सिटी स्पोर्ट्स

# पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप, स्ट्रांग मैन-वूमेन चुने गए युवा



**रायपुर।** डिस्ट्रिक पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम लाखेनगर चौक रायपुर में हुआ। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि राहुल मिश्रा 465 किलो उठाकर स्ट्रांग मैन और पल्लवी तांडी 160 किलो वजन उठाकर स्ट्रांग वूमेन बनीं, जबकि जूनियर स्ट्रांग मैन का खिताब अजीत कांसकार, सब जूनियर में दिव्यांश महाजन, मास्टर वर्ग का खिताब रोहित कुमार चौधरी को मिला। पॉवर लिफ्टिंग विजेता के परिणाम में सब जूनियर 55 किलो में लेखराज साहू, राम द्विवेदी, 62 किलो में सार्थक बैग, आलोक शर्मा, 69 किलो में दिव्यांश महाजन, नागेश्वर साहू, याग्निक तांडी, 85 किलो में अर्थ द्विवेदी, जूनियर वर्ग 55 किलो में अजीत कांसकार, युगल किशोर निर्मलकर, 62 किलो में अमान अहमद, गौरव साहू, मुकेश सिंह ठाकुर, 69 किलो में देवेंद्र कुमार बंजारे, 77 किलो में शुभम साहू, 85 किलो में समीर ठाकुर, सीनियर वर्ग 55 किलो में कमलेश साहू, 62 किलो में गुलशन नायक, आशुतोष निहाल, 69 किलो में राहुल मिश्रा, आशुतोष तिवारी, 85 किलो में अमित नायक, मास्टर वर्ग में रोहित कुमार चौधरी, संदीप सोनी, दिव्यांग वर्ग में पुरुष में वेदप्रकाश साहू और महिला में सीमा सारथी, महिला वर्ग के परिणाम 48 किलो में दिशा पटेल, जूनियर वर्ग 53 किलो में पल्लवी तांडी, मंजू पटेल, सीनियर वर्ग 58 किलो में मुस्कान देवांगन, सीनियर वर्ग 65 किलो में राजविंदर कौर समेत सभी विजेता खिलाड़ियों को रायपुर जिला जिम एसोसिएशन के सचिव पोषण बांधे एवं प्रोटीन विला के संचालक दुर्गेश साहू ने स्ट्रांग मैन को 3100 रुपए, मोमेंटो, मेडल, स्ट्रांग वूमेन को 2500 रुपए, मोमेंटो, मेडल प्रदान किए। इसी प्रकार जूनियर स्ट्रांग मैन को 2100, मोमेंटो, मेडल, सब जूनियर स्ट्रांग मैन को 1100, मोमेंटो, मेडल दिए गए।

# एक साल बाद सूर्य करेंगे मंगल में प्रवेश, इन राशियों की बल्ले-बल्ले



ज्योतिष में सूर्य ग्रह को आत्मा का कारक कहा गया है। साथ ही सूर्य ग्रहों के राजा माने गए हैं। इसलिए जब सूर्य देव की चाल में बदलाव होता है, तो मानव जीवन पर खास प्रभाव पड़ता है। आपको बता दें कि सूर्य ग्रह नवंबर में अपने मित्र मंगल के स्वामित्व वाली राशि वृश्चिक में गोचर करने जा रहे हैं। जिससे कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। साथ ही इनको आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति हो सकती है। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं

**वृश्चिक राशि :** आप लोगों के लिए सूर्य देव का गोचर लाभप्रद सिद्ध हो सकता है क्योंकि यह गोचर आपकी राशि से लग्न भाव पर होने जा रहा है। इसलिए इस दौरान आपके आत्मविश्वास में वृद्धि देखने को मिलेगी। साथ ही व्यापार में आर्थिक लाभ के योग बनेंगे और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। वहीं इस दौरान आप समाज में आपको मान- सम्मान, प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा। जीवन साथी की तरक्की हो सकती है। साथ ही अविवाहित लोगों को विवाह का प्रस्ताव आ सकता है।

**सिंह राशि :** सूर्य देव का राशि परिवर्तन सिंह राशि के जातकों को अनुकूल सिद्ध हो सकता है क्योंकि सूर्य देव आपकी राशि से चतुर्थ भाव पर संचरण करने जा रहे हैं। इसलिए इस दौरान आपको भौतिक सुखों की प्राप्ति हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिलेगा नया वाहन खरीदने का मौका मिलेगा। परिवार में आपका भाई-बहनों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। आपको पैतृक संपत्ति का भी सुख मिल सकता है। माता पिता के साथ संबंध मजबूत रहेंगे। वहीं बिजनस में आपको अचानक लाभ मिल सकता है।

**कुंभ राशि :** आप लोगों के लिए सूर्य देव का गोचर लाभप्रद सिद्ध हो सकता है क्योंकि सूर्य देव आपकी गोचर कुंडली के कर्म भाव पर संचरण करने जा रहे हैं। इसलिए इस दौरान आपको काम- कारोबार में तरक्की मिल सकती है। बिजनस करने वाले लोगों को इस दौरान कमाई करने के कई बेहतरीन मौके हासिल होंगे आय में वृद्धि होगी। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति हो सकती है।

## ब्लोटिंग, गैस से रहेंगे दिन भर परेशान

# पपीते को कभी न खाएं इन फूड्स के साथ, पाचन तंत्र का कर देंगे बंटाधार

पपीता एक ऐसा फल है, जिसे हर मौसम में आप खा सकते हैं। यह कच्चा और पका दोनों तरीके से खाया जाता है। पोषक तत्वों का खजाना होता है पपीते में, जो पेट के लिए बेहद हेल्दी फल है। पपीते में हाई फाइबर, लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स, विटामिंस, मिनरल्स, एंटीऑक्सीडेंट्स आदि मौजूद होते हैं, जो कई तरह से आपकी सेहत को लाभ पहुंचा सकते हैं। हालांकि, कई बार लोग फलों को खाने में गलतियां कर बैठते हैं। कुछ ऐसे फूड्स हैं, जिन्हें पपीते के साथ भूलकर भी खाने की गलती नहीं करनी चाहिए वरना इससे कुछ सेहत को नुकसान हो सकते हैं। आईए जानते हैं किन-किन चीजों के साथ पपीते का कॉम्बिनेशन अनहेल्दी हो सकता है।



### हाई प्रोटीन से भरपूर फूड्स

पपीता में मौजूद पपैन प्रोटीन को तोड़ता है, जो कुछ खास तरह के हाई-प्रोटीन फूड्स के पाचन में बाधा उत्पन्न कर सकता है। ऐसे में कभी भी पपीते के साथ मछली, अंडा, मीट का सेवन न करें। प्रोटीन युक्त इन नॉनवेज आइटम्स को पपीता खाने के तुरंत पहले या बाद में न खाएं और आपको पेट संबंधित या पाचन की समस्या हो सकती है।

**पपीते के साथ न खाएं फैटी फूड :** कभी भी पपीते के साथ आप फैटी फूड्स जैसे फ्राई की हुई चीजें, फैटी मीट या अन्य ऐसी कोई चीज खाने से बचें। पपीते में फैट नहीं होता है और इसे हाई फैट वाले फूड्स के साथ खाने से आपको अपच, ब्लोटिंग हो सकती है।

### दूध, दही और पपीता

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, पपीते में मौजूद एन्जाइम पपैन दूध को खट्टा या जमा सकता है। इससे डेयरी प्रोडक्ट्स को पाचने में दिक्कत हो सकती है। ऐसे में पपीता खाते समय कभी भी दूध ना पिएं, दही या अन्य डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन न करें। ऐसा करेंगे तो आपको गैस, ब्लोटिंग, पेट में दर्द हो सकता है।

**फर्मेंटेड फूड और पपीता :** फर्मेंटेड फूड्स खाने में टेस्टी तो होते हैं, लेकिन इनका सेवन भी पपीते के साथ न करें। उदाहरण के लिए अचार, किमची में प्रोबायोटिक्स, एंजाइम्स से भरे होते हैं। ऐसे में ये पपीते में मौजूद एंजाइम्स से इंटरैक्ट कर सकते हैं। इस फूड कॉम्बिनेशन से आपका पाचन खराब हो सकता है। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल से संबंधित परेशानियां हो सकती हैं।

### सोया प्रोडक्ट्स के साथ पपीता खाना नुकसानदेह

सोया मिल्क, टोफू जैसे फूड्स में कुछ ऐसे कम्पाउंड्स होते हैं, जो पपीते में मौजूद कुछ खास तरह के पोषक तत्वों के एब्जॉर्ब होने की प्रक्रिया को रोक सकते हैं। इससे आपका पाचन तंत्र बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है।

### खट्टे फलों के साथ भी न खाएं पपीता

खट्टे फल जैसे नींबू, संतरा, अंगूर, ग्रेपफ्रूट्स में विटामिन सी काफी अधिक होता है। पपीते को इन खट्टे फलों के साथ मिक्स करके खाने से आपको एसिडिटी, सीने में जलन, दस्त, पेट दर्द हो सकता है। ऐसे में बेहतर है कि आप इन फलों को अलग-अलग और कुछ देर के गैप में ही खाएं।

# मीठा खून नहीं, इस ब्लड ग्रुप वाले लोगों को ज्यादा काटते हैं मच्छर

कुछ लोगों को मच्छर दूसरों के मुकाबले अधिक काटते हैं। लोग कहते हैं कि मच्छर उन्हें ज्यादा काटते हैं जिनका खून मीठा होता है.।हालांकि, यहां मीठा और तीखा खून कोई कारण नहीं है, यहां सारा खेल ब्लड ग्रुप का है। आइए जानते हैं कि किस ब्लड ग्रुप वालों को सबसे अधिक मच्छर काटते हैं।



### ओ बल्ड ग्रुप वालों को ज्यादा काटते हैं मच्छर

शोध से पता चला है कि मच्छर त्वचा की गंध और माइक्रोबायोटा से अट्रैक्ट होते हैं। इसी कारण मच्छर उन लोगों को ज्यादा काटते हैं जिनका ब्लड ग्रुप ओ रहता है। इसके अलावा शरीर का तापमान भी मच्छरों के अधिक काटने का कारण है। गर्मी में मच्छर अधिक काटते हैं क्योंकि शरीर से निकलने वाले पसीने में लैक्टिक एसिड और अमोनिया होता है, जो मच्छरों को आकर्षित करता है।

### डार्क कपड़ों से भी अट्रैक्ट होते हैं मच्छर

एक शोध से पता चलता है कि मच्छरों के काटने का कारण कपड़ों का रंग भी होता है। डार्क कलर के कपड़ों से मच्छर अधिक आकर्षित होते हैं। काले और बैंगनी कलर के कपड़े पहनने पर मच्छरों का आतंक बढ़ता है। मच्छरों के आतंक से बचने के लिए आप लाइट कलर के कपड़ों को पहन सकते हैं।

### कार्बन डाइऑक्साइड भी मच्छरों के आतंक की वजह

कार्बन डाइऑक्साइड से भी मच्छरों को अच्छी गंध आती है। कार्बन डाइऑक्साइड के कारण मच्छर इंसानों की ओर आकर्षित होते हैं। मादा मच्छर अपने संवेदी अंगों की मदद से कार्बन डाइऑक्साइड की गंध का पता लगाकर मानव शरीर की ओर आकर्षित होती हैं।

# ये छोटे सफेद मोतियों से दाने पाचन तंत्र के लिए हैं वरदान, कब्ज से दिलाए मुक्ति

छोटे और गोल-गोल सफेद रंग के साबूदानों का सेवन ज्यादातर लोग पर्व-त्योहार में व्रत रखने के दौरान ही खाते हैं। साबूदाना इतना हेल्दी होता है कि आप इसका सेवन डेली कर सकते हैं। जरूरी नहीं कि व्रत हो तो ही आप इसे खाएं। साबूदाने से तरह-तरह के मीठी-नमकीन चीजें बनाई जाती हैं। यदि आप दैनिक आहार में साबूदाने को शामिल कर लें तो जानिए कि कौन से पोषक तत्व शरीर को मिलेंगे और इससे क्या फायदे होंगे।

साबूदाना में पोषक तत्व- इसमें फाइबर, कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, पोटैशियम आदि पोषक तत्व होते हैं।

### साबूदाना खाने के फायदे

-साबूदाना छोटे दाने सा होता है। इसे आप दूध में मिलाकर खीर जैसा बना सकते हैं। नमकीन में पकौड़े, खिचड़ी आदि बना सकते हैं। साबूदाना की खिचड़ी खाने से पेट को बहुत फायदे होते हैं। इसे



नाश्ते में खाने से लंबे समय तक ऊर्जावान महसूस करेंगे।

-साबूदाना में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स काफी अधिक मात्रा में होते हैं। इन पोषक तत्वों के सेवन से शरीर के अंग स्वस्थ रहते हैं।

-स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबकि, साबूदाना खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। फाइबर पाचन तंत्र को मजबूत बनाती है। कब्ज की समस्या दूर होती है। इसमें कैलोरी कम होती है, इसलिए इसे खाने से वजन नहीं बढ़ता है।

-साबूदाना का सेवन डायबिटीज के पेशेंट भी कर सकते हैं। मधुमेह के मरीजों के लिए भी वरदान माना जाता है।



# सारे जुएं एक ही बार में निकल जाएंगे सिर से बाहर, अपनाएं सस्ता और असरदार घरेलू नुस्खा

शरीर की साफ-सफाई रखना हमारे लिए जितना जरूरी है उतना ही सिर की साफ-सफाई भी उतनी ही जरूरी है लेकिन कई बार स्वच्छता की कमी, संक्रमित व्यक्ति के बालों वाली कंघी, हेयरब्रश आदि इस्तेमाल करने, पसीने के चलते सिर में जुएं पड़ जाती है। ऐसी समस्या छोटे-बड़े किसी व्यक्ति के साथ भी हो सकती है और सिर में खुजली, इरिटेशन और शर्मिंदगी तक महसूस होती है। ऐसी समस्या ज्यादातर बच्चों के साथ होती है जो होस्टल या ग्रुप में रहते हैं लेकिन इन जुओं को आप घर के देसी टिप्स फॉलो करके निकाल सकते हैं। चलिए आपको वहीं कमाल के नुस्खे बताते हैं।



**नारियल तेल और कपूर:** नारियल तेल में कपूर मिलाकर सिर पर लगाएं और कुछ घंटे छोड़ दें। फिर अच्छे से शैम्पू से धो लें। यह जुओं को निकालने में काफी मददगार टिप साबित होता है।

**नीम का तेल या पानी:** नीम के तेल से सिर की मालिश करें और 1-2 घंटे छोड़ दें। इसके बाद ताजे पानी से सिर धो लें। नीम के एंटीबैक्टीरियल गुण जुओं खत्म कर देते हैं। नीम के पत्तों को पानी में उबालें और इससे सिर धोएं, इससे भी जुओं से राहत मिलती है।

**लहसुन-नींबू का रस, टी ट्री ऑयल :** लहसुन का पेस्ट बनाकर उसमें नींबू का रस मिलाएं और इसे सिर पर करीब 30 मिनट लगाएं। लहसुन की गंध से जुएं दूर हो जाती हैं।टी ट्री ऑयल की कुछ बूंदों में नारियल या जैतून का तेल मिलाकर सिर की मालिश करें और कुछ घंटों बाद धो लें।


**विनेगर (सिरका) :** सिरके को बालों की जड़ों पर लगाएं और कुछ देर के लिए छोड़ दें। फिर बालों को अच्छे से धो लें। इससे जुएं और जुओं के अंडे भी निकल जाते हैं।

**मेडिकेटेड शैम्पू :** फार्मेसी में उपलब्ध एंटी-लाइस शैम्पू या लोशन का उपयोग करें जो विशेष रूप से जुओं को मारने के लिए बने होते हैं। इन्हें चिकित्सक की सलाह से खरीदें और इस्तेमाल करें।

**महीन दांतों वाली कंघी :** जुओं को हटाने के लिए बालों को महीन दांतों वाली कंघी से धीरे-धीरे कंघी करें। यह प्रक्रिया कुछ दिनों तक नियमित रूप से करें ताकि सभी जुएं कंघी से बाहर आ जाएं।

**ये बातें भी याद रखें :** बालों को साफ और सूखा रखें। तौलिया, तकिया, कंघी और टोपी जैसी चीजें दूसरों के साथ साझा न करें। नियमित रूप से बालों की जांच करें, खासकर बच्चों के ताकि जुओं का जल्दी पता लग सके।

अगर जुएं घरेलू या शैम्पू उपचार से नहीं निकल रही तो डॉक्टर से सलाह लेकर प्रेसक्राइब की गई दवाओं का उपयोग करें।

























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द नाइट मैनेजर' बनी एमी अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन वाली इकलौती भारतीय फिल्म



**लॉस एंजिल्स।** कुछ दिन पहले ही 76वें एमी अवॉर्ड्स का ऐलान किया गया था, और अब 52वें इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स का ऐलान किया गया है। इसमें अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर स्टारर 'द नाइट मैनेजर' को नॉमिनेशन मिला है, जिससे पूरी टीम की खुशी का ठिकाना नहीं है। इसे बेस्ट ड्रामा सीरीज की कैटिगरी में नॉमिनेशन मिला है। इसी के साथ यह अब ग्लोबल लेवल पर चर्चा में आ गई है।हालांकि, 'द नाइट मैनेजर' को काफी तगड़ी टक्कर मिलने वाली है, क्योंकि बेस्ट ड्रामा सीरीज में इसकी टक्कर 'ड्रॉप्स ऑफ गॉड' और 'द न्यूजरीडर सीजन 2' जैसी सीरीज से होगा। 52 वां इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स 25 नवंबर को न्यूयॉर्क में आयोजित किए जाएंगे। 'द नाइट मैनेजर' एकमात्र भारतीय वेब सीरीज है, जिसे नॉमिनेशन मिला है। यह सीरीज साल 2023 में रिलीज हुई थी, और यह जॉन ले कैरे के नॉवल और इसी नाम के ब्रिटिश शो का हिंदी अडेप्टेशन है। 'द नाइट मैनेजर' की कहानी आदित्य रॉय कपूर के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक होटल में नौकरी करता है। पर उसका एक अतीत है, जिसके कारण उसकी पूरी जिंदगी बदल जाती है। फिर सीक्रेट एजेंट के रोल में तिलोत्तमा शोम की एंट्री होती है, जो अनिल कपूर को पकड़ने के लिए नाइट मैनेजर यानी आदित्य रॉय कपूर की मदद लेती है।

### टॉलीवुड

## विवादों से भरी है बाहुबली की 'शिवगामी' की असल जिंदगी



**मुंबई।** फिल्म एक्ट्रेसेस के अपने को-स्टार्स या डायरेक्टर्स संग अफेयर होना आम बात है। हालांकि, एक अभिनेत्री पर तो बिन ब्याही प्रेग्नेंट होने और फिर अबॉर्शन के बदले लाखों मांगने का भी आरोप लगा। 54 साल की इस अदाकारा ने साउथ में तो खूब शोहरत बटोरी ही, वहीं उन्होंने बॉलीवुड में भी कई फिल्में की। इन्होंने अमिताभ बच्चन संग भी सुपरहिट फिल्म दी थी। हालांकि, इस अभिनेत्री को सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी प्रभास स्टारर एक ब्लॉकबस्टर फिल्म से मिली। हालांकि, इस एक्ट्रेस की पर्सनल लाइफ काफी विवादों से भरी रही। दरअसल हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं 'बाहुबली' में 'शिवगामी'के किरदार से खूब पॉपुलैरिटी बटोरने वाली राम्या कृष्णन हैं। राम्या देश में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। अगर मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक्ट्रेस एक फिल्म के लिए 3 से 4 करोड़ रुपए चार्ज करती हैं। 2024 में, वह दो बड़े बजट की फिल्मों, गुंटूर करम और पुरुषोथामुडु में दिखाई दीं थी। 54 साल की उम्र में भी, वह मेगास्टार के साथ काम कर रही हैं। फिल्मों में अपनी शानदार एक्टिंग से सुर्खियों में रहने के अलावा, राम्या कृष्णन अपनी निजी जिंदगी के लिए भी सुर्खियों में रही हैं। उनके साउथ इंडियन डायरेक्टर केएस रविकुमार के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर ने फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी थी। यह 1999 की बात है जब राम्या ने केएस रविकुमार के साथ हाथ मिलाया और फिल्म पदयप्पा में साथ काम किया। दो और फिल्मों, पट्टाली (1999) और पंचतनथिरम (2002) में एक साथ काम करने के बाद उनकी दोस्ती जल्द ही अफेयर में बदल गई थी। यह पहली बार नहीं है कि किसी फिल्म मेकर को किसी फिल्म में साथ काम करते समय किसी अभिनेत्री से प्यार हो गया हो, हालांकि, राम्या कृष्णन और केएस रविकुमार के रिश्ते में परेशान करने वाली बात ये थी कि ये एक एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर था।

### भोजपुरी

## खेसारी पर हुई 500 के नोटों की बारिश, स्टेज पर फैन ने आकर वारी नोटों की गड्डियां



**नई दिल्ली।** भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव किसी इंट्रोडक्शन के मोहताज नहीं हैं। उन्हें हर कोई जानता है। वो जहां भी जाते हैं रौनक ही लगा देते हैं। फिर वो स्टेज शो हो या कोई रियलिटी शो. उनकी फिल्मों से लेकर म्यूजिक वीडियो तक हर में खेसारी के अंदाज को पसंद किया जाता है। खेसारी की फैन फॉलोइंग इतनी तगड़ी है कि स्टेज शोज में उनकी दीवानगी देखने को मिलती है। खेसारी लाल यादव के स्टेज शो का एक वीडियो वायरल हो रहा जिसमें एक उनपर नोटों की बारिश करता नजर आ रहे है जिसे देखने के बाद खेसारी का रिएक्शन देखने वाला है। इस वीडियो पर फैंस भी ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। खेसारी लाल अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहे हैं। कई एक्ट्रेसेस के साथ उनका नाम जुड़ चुका है, मगर खेसारी इन बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं। वो अपना काम मस्ती के साथ करते हैं। इसी वजह से उन्हें फैंस बहुत पसंद करते हैं। खेसारी का 500 रुपये के नोट वाला वीडियो वायरल हो रहा है। खेसारी लाल यादव के साथ वायरल वीडियो एक एक्ट्रेस भी नजर आ रही हैं। खेसारी स्टेज पर ऑडियन्स से बात करते नजर आ रहे हैं। उसके बाद एक फैन आकर पहले खेसारी को 500 के नोट की एक गड्डी पकड़ा देता है। जिसे खेसारी देखने के बाद अजीब का रिएक्शन देते हैं। उसके बाद वो फैन एक और 500 के नोट की गड्डी खेसारी के ऊपर से वारता है और उसे भी खेसारी को पकड़ा देता है। जिसे देखकर खेसारी चौंक जाते हैं। खेसारी का रिएक्शन देखने के बाद फैंस भी ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। एक ने लिखा- अरे ये क्या नोटों की बारिश. दूसरे फैन ने लिखा- खेसारी भैया सभी के दिलों में रहते हैं। फैंस इस वीडियो पर ढेर सारी इमोजी भी पोस्ट कर रहे हैं।

## देखने वाले भी हो जाएंगे हैरान

### लाइफ स्टाइल



अगर आप अपनी या अपने किसी खास की शादी में खूबसूरत दिखना चाहती हैं और इसके लिए लहंगे की तलाश में हैं, तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको एक ऐसे खूबसूरत लहंगे के बारे में बताएंगे, जिसे आप पहनकर अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। व्हाइट कलर का ये लहंगा आपके लिए एकदम परफेक्ट साबित होगा। वैसे तो महिलाएं या युवतियां हर आउटफिट में काफी खूबसूरत और फिट लगती हैं, लेकिन ये वाइट लहंगा पहनकर आप फंक्शन में जलवा बिखेर देंगी। इस खूबसूरत लहंगे को आप किसी बड़ी शॉप से खरीदने के लिए ऑर्डर दे सकती हैं.

## काले होठों से न हों शर्मिंदा, कुछ ही दिनों में करें गुलाबी, ये स्पेशल नुस्खे आएंगे काम

होठों का काला पड़ना एक आम समस्या है। यह कई कारण से हो सकते हैं। जैसे धूम्रपान, डिहाइड्रेशन, सूरज की हानिकारक किरणें और होठों की साफ सफाई नहीं रखना। बात करें इसके उपाय की तो रात भर में ही काले होठों को पूरी तरह गोरा करना संभव नहीं है, लेकिन इन घरेलू नुस्खों से आप कुछ बदलाव देख सकते हैं।

**होठों को गुलाबी बनाने के नुस्खे :** अपने होठों को गुलाबी बनाने के लिए आप कुछ नुस्खे आजमा सकते हैं। जैसे आप घर पर शहद, चीनी और दालचीनी का स्क्रब तैयार कर सकते हैं। स्क्रब तैयार करने के लिए आपको एक चम्मच शहद में आधा चम्मच चीनी और आधा चम्मच दालचीनी मिलानी होगी। इस स्क्रब को आप अपने होठों पर रोजाना 15 मिनट के लिए लगाएं और मसाज करें, फिर ठंडे पानी से धो लें।

**बादाम का तेल, गुलाब जल :** इसके अलावा आप अपने होठों पर बादाम का तेल



भी लगा सकते हैं। इससे आपके होंठ कुछ दिनों में गुलाबी दिखने लगेंगे और कालापन दूर होगा। यही नहीं गुलाब जल भी होठों के लिए काफी फायदेमंद माना गया है.।ऐसे में आप रोजाना रात में सोने से पहले गुलाब जल को अपने होठों पर लगाकर सो सकते हैं। दूसरे दिन सुबह अपने चेहरे को साफ पानी से धो लें और होठों को अच्छी तरह साफ करें।

### चुकंदर के रस का इस्तेमाल

अगर आप अपने होंठों के कालेपन को दूर करना चाहते हैं और उन्हें गुलाबी बनना चाहते हैं, तो चुकंदर के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह एक नेचुरल नुस्खा है, जो आपके होठों को गुलाबी बनाने में काफी मदद करेगा। होठों से डेड स्किन हटाने के लिए आप रोजाना अपने होठों को साफ पानी से धोएं, कॉटन बॉल की मदद से पानी को पोंछे और लिप बाम का इस्तेमाल करें। इससे आपके होंठ धीरे-धीरे गुलाबी होने लगेंगे और डेड स्किन निकलने लगेगी।

### सनस्क्रीन और लिप बाम का करें इस्तेमाल

इसके अलावा जब भी आप धूप में बाहर जाएं, तो होठों पर सनस्क्रीन या लिप बाम जरूर लगाएं ताकि आपके होंठ हानिकारक किरणों से बच सकें। अगर आप धूम्रपान या शराब का सेवन करते हैं, तो आज से ऐसा करना बंद कर दें क्योंकि होठों को काला बनाने में धूम्रपान और शराब सबसे बड़ा कारण माना जाता है।

## हाइट के हिसाब से चुने कपड़े, सुंदर भी लगेंगी और कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा

फैशन



छोटी हाइट वाली लड़के हो या लड़की उन्हें कपड़ों का सेलेक्शन करने में काफी ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में परफेक्ट कपड़ों का चुनाव करना अपने आप में एक बहुत बड़ा चैलेंज है लेकिन आज हम आपको इस दिशा में कुछ खास टिप्स देंगे। फैशन के मामले में हर लड़की काफी ज्यादा कॉन्शियस होती है। समय और जगह के हिसाब से उन्हें अपने आउटफिट्स पहनना काफी ज्यादा अच्छा लगता है। सिर्फ इतना ही नहीं मौसम के हिसाब से कपड़े पहनना तो उनका खास शौक होता है लेकिन छोटी हाइट के कारण स्मार्टनेस कम हो जाती है। आप कितनी भी सुंदर हो लेकिन आपकी हाइट कम है तो आप कुछ भी नहीं पहन सकते है क्योंकि हर कपड़ा आप पर अच्छा लगे यह जरूरी नही है।

**हाइट ज्यादा छोटी है तो इन्हें जरूर करें इग्नोर :** छोटी हाइट वाली लड़कियां ऐसे कपड़ों का चुनाव करें जो आपके लिए परफेक्ट साबित हों। जिसे कैरी करने या पहनने के बाद आप सुंदर लगें। आइए जानें आउटफिट्स से जुड़े कुछ खास आइडियाज। अगर आप कुर्तियों के शौकीन हैं तो लंबे कुर्ते पहनें। इसके साथ चूड़ीदार पहने। अनारकाली सूट अगर पहनें तो वी नेक शेप रखें। अगर आपके कंधे ब्रॉड है तो चाइनीज कॉलर और पफ्ड स्लीव्स को बिल्कुल इग्नोर करें। आपको सलवार या प्लाजो तो बिल्कुल इग्नोर करना चाहिए।

**शॉर्ट हाइट वाली लड़कियों की ड्रेसिंग स्टाइल :** कम हाइट वाली लड़कियों को क्रैपी और 1/3 ट्राउजर्स पहनने से पूरी तरह से परहेज करना चाहिए। इसकी जगह आप स्लिम लोअर पहनें। मोनोक्रोम पैटर्न या ऊपर से लेक नीचे रंग तक एक ही कलर के पहनें। लो वेस्ट की बजाय हाई वेस्ट पहनें। फिटिड जींस पहनने से भी हाईट बेहतर नजर आएगी। जीन्स के साथ गहरे रंग का अपर वियर पहनें, इससे आप लंबी नजर आएंगी। इसके अलावा क्रॉप टॉप या फॉर्मल शर्ट्स पहन सकती हैं। टर्टल या बोट नेक के बजाय वी शेप नेक को प्राथमिकता दें।

**इन ड्रेसेस में भी लगेंगी खूबसूरत :** शॉर्ट हाइट वाली लड़कियां वर्टिकल स्ट्राइप पैंट्स, जींस, स्लिट्स और स्कर्टस पहन सकती हैं। यह एकदम फिट लगती है। सर्दियों में इनके साथ ओपन स्ट्रेट कार्डिगन व जैकेट पहन सकती हैं। कपड़ों पर छोटे प्रिंटस पहनें।

**साड़ियां खरीदते समय रखें इसका ध्यान :** साड़ियों का चुनाव करते हुए एक बात जो अक्सर ध्यान में रखे कि हमेंशा बॉडर और छोटे प्रिंट्स वाली साड़ी ही पहनें। आपका वजन कम है तो शिफॉन, जॉर्जेट की साड़ियां पहनें अगर वजन काफी ज्यादा है तो सिल्क, कांजीवरम, कॉटन की साड़ियां चुनें।

## चश्मे से नाक पर पड़े काले निशानों को करें गायब, खूबसूरती पर पड़ता है असर

चश्मा पहनने की वजह से नाक पर काले निशान बन जाते हैं, जिससे चेहरे की खूबसूरती पर असर पड़ता है। ये निशान खासकर उन लोगों को ज्यादा होते हैं, जो लंबे समय तक चश्मा पहनते हैं या जिनकी त्वचा ऑयली होती है। हालांकि, घरेलू नुस्खों के जरिए इन्हें हटाया जा सकता है।



### नींबू और शहद का मिश्रण

एक नींबू का रस निकालें और उसमें एक चम्मच शहद मिलाएं। इसे अपने नाक के काले निशानों पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 10-15 मिनट के बाद गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। इस उपाय को हफ्ते में 2-3 बार दोहराएं।

### बेकिंग सोडा और पानी का पेस्ट

एक चम्मच बेकिंग सोडा लें और उसमें थोड़ा सा पानी मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को नाक के प्रभावित हिस्से पर लगाएं और हल्के हाथों से स्क्रब करें। 5 मिनट बाद इसे पानी से धो लें। सप्ताह में 1-2 बार इसका उपयोग करें।

### ऑलोवेरा जेल का उपयोग

एक ताजा ऑलोवेरा का पत्ता काटें और उससे निकला हुआ जेल सीधे नाक पर लगाएं। इसे 20-30 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर पानी से धो लें। रोजाना इसका उपयोग करने से जल्दी लाभ मिलेगा।


### हल्दी और दही का फेस पैक

एक चम्मच हल्दी पाउडर में दो चम्मच ताजा दही मिलाएं। इस पेस्ट को अच्छी तरह मिलाकर नाक के काले निशानों या ब्लैकहेड्स वाले हिस्से पर लगाएं। इसे लगभग 15-20 मिनट तक सूखने दें। फिर हल्के गुनगुने पानी से चेहरे को धो लें

## कोरियंस जैसी चमकेगी आपकी स्किन रोज करना होगा बस ये एक काम

कोरियंस जैसी चमकती स्किन कौन नहीं चाहता है। हर महिला चाहती है कि उसकी स्किन शीशे की तरह चमके और उसमें किसी भी तरह के दाग-धब्बे न हों। आज हम इससे जुड़े ही खास टिप्स देंगे। अगर आप के-ड्रामा के बहुत बड़े फैन हैं, तो आपने 'कोरियाई ग्लास स्किन' के बारे में सुना होगा और इसे चाहते भी होंगे। यह बेदाग चमकदार त्वचा दिखाने का चलन है। भले ही आप के-ड्रामा या के-पॉप को फॉलो न करते हों, लेकिन के-सुंदरियों जैसी देवी जैसी बेदाग चीनी मिट्टी की त्वचा कौन नहीं चाहेगा।

**स्टीम सेशन स्किन के लिए होता है अच्छा :** कोरियाई ग्लास स्किन चाहिए तो आपको रेगुलर स्टीम सेशन या स्टीमी शॉवर लेना होगा।



स्टीम स्किन के पोर्स को खोलती है। साथ ही यह त्वचा में फंसी गंदगी को बाहर निकालती है। आप स्टीमर से सीधे स्टीम ले सकते हैं। हर दिन 5-7 मिनट तक स्टीम जरूर लें।

**रोज़ाना चेहरे की एक्सरसाइज़ करें :** कोरिया में, साफ़ और गोरी त्वचा को एक गुण माना जाता है इसलिए, हर कोरियाई सुंदरी बेदाग साफ़ त्वचा पाने के लिए कुछ भी करने का प्रयास करती है। अगर आप वी-आकार की जॉलाइन और टाइट और जवां दिखने वाली त्वचा पाना चाहती हैं तो रोजाना चेहरे की एक्सरसाइज करें।

**माइसेलर क्लींजिंग वॉटर से चेहरा साफ करें :** कोरियाई त्वचा को चमकदार बनाने के लिए डीप क्लींजिंग बहुत ज़रूरी है। अपने चेहरे को माइसेलर क्लींजिंग वॉटर से दो बार साफ करें और चमकदार त्वचा के लिए, नींबूयुक्त फेसवॉश चुनें। क्लींजिंग वॉटर आपके चेहरे को अंदर से साफ करती है। एक्सफोलिएटिंग के जरिए महिलाएं डीप-क्लींजिंग करती है। यही कारण है कोरियन स्किनकेयर की मार्केट में अलग ही डिमांड है।

### कार्नर न्यूज

## बेल बॉटम से लेकर कोर्सेट टॉप तक एक बार फिर बने पसंदीदा फैशन

## ... फिर ट्रेंड में छाया 90 के दशक का फैशन, जेन जी के बीच है काफी पॉपुलर

हमने नाओमी कैंपबेल, जेनिफर लोपेज, शालोम हार्लो और अन्य मशहूर हस्तियों को रेड कार्पेट पर अपने नए लुक के साथ आते देखा है और अपने शानदार आउटफिट्स से फैशन वर्ल्ड में तहलका मचा दिया है, जो फैशन स्टेटमेंट बन गए। बेल बॉटम से लेकर ग्लैमरस स्लिप ड्रेस तक, 90 के दशक के कई ऐसे फैशन ट्रेंड्स हैं, जो अब बाजार में एक बार फिर वापसी करते नजर आ रहे हैं। आइये एक नजर डालते हैं उन्हीं फैशनेबल लुक्स पर।



### क्लासिक विंटेज के लिए बेल बॉटम जींस

बेल बॉटम जींस और पैंट 90 के दशक की सबसे लोकप्रिय चीजों में से एक है। हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड तक एक्ट्रेसेज क्रॉप टॉप या शर्ट के साथ फ्लेयर्ड बॉटम जींस के साथ इस टाइट फिटेड जींस को पहने हुए देखी जाती हैं, जो एक क्लासिक विंटेज टच देता है। अब, ये बेल बॉटम या बॉटम फ्लेयर्ड जींस फिर से चलन में हैं और लोग इन्हें हील्स, काउबॉय बूट्स और यहां तक कि जूतों के साथ पहनते हैं।

### दुनियाभर में मशहूर स्लिप ड्रेस

नाओमी कैंपबेल ने ग्लैमरस और आरामदायक स्लिप ड्रेस को रनवे पर पहनकर इसे लोकप्रिय बनाया, जिसे वेस्टर्न कल्चर में खूब पसंद किया जाता है। धीरे-धीरे दुनिया भर में लोगों ने इन फ्लोर-लेंथ स्लिप ड्रेसेस को पहनना शुरू कर दिया, जो आकर्षक और क्लासिक दिखती हैं। अब, ये स्लिप ड्रेस फिर से चलन में हैं और मशहूर हस्तियां और फैशन इंफ्लूएंसर्स रेड कार्पेट पर स्लिप ड्रेस के साथ अपना ए-गेम फैशन सेंस ला रहे हैं।

**क्रॉप शर्ट ने टॉप की छुट्टी की :** पिछले कुछ सालों में हमने लड़कियों को कार्गो पैंट और जींस के साथ या छोटी स्कर्ट के साथ क्रॉप टॉप पहने हुए देखा है, जो एक मनमोहक, स्टाइलिश और आरामदायक लुक देता है लेकिन, क्रॉप शर्ट ने वापसी कर ली है और प्लीटेड पैंट या कार्गो के साथ आरामदायक और विंटेज वाइब देती हैं।

### अतीत का वेस्टकोट्स फिर आया चलन में

फॉर्मल वेस्टकोट, वुमन फैशन में एक अतीत की बात थी, पहले सफेद फूले हुए आस्तीन वाले ब्लाउज के ऊपर पहने जाते थे और यूके और यूएसए में यह काफी लोकप्रिय थे। अभी भी पुरुषों के बीच काफी पॉपुलर है, लेकिन अब एक बार फिर महिलाओं के बीच इसका फैशन शुरू होता देखा जा रहा है। अंडरशर्ट के इन वेस्टकोट को फिर से लोकप्रिय बना रहा है और कॉर्पोरेट वर्ल्ड में इसे काफी पसंद किया जा रहा है क्योंकि यह बॉसी और क्लासिक दोनों लुक देते हैं।

### शाही और नोबल महिलाओं की निशानी कोर्सेट

कोर्सेट हमेशा शाही और नोबल महिलाओं की निशानी रहा है, जो अपने शानदार फ्लेयर्ड गाउन के नीचे एक टाइट कोर्सेट पहना करती थीं। अब, इन कॉर्सेट टॉप को जींस, स्कर्ट और पैंट के साथ पहना जाता है, जो एक सुंदर और कर्वेशियस फिगर दिखाने में मदद करता है। आजकल, कई मशहूर हस्तियों को कोर्सेट गाउन, ड्रेस और यहां तक कि साड़ी और लहंगा के साथ कॉर्सेट ब्लाउज को पहनते हुए देखा जाता है।